राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 06
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 06 दिसंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236




मुख्य अपडेट
पेज 3 स्पोर्टस सिटी के 40 हजार बायर्स को राहत
पेज 4 इंस्पेक्टर ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को मारी गोली, मौत
पेज 6 'शमी कहां हैं, आखिर यों नहीं खेल रहे', लगातार अनदेखी पर

# 4 दिन में 1700+ फ्लाइट रद्द, सरकार बैकफुट पर

**वीकली रेस्ट नियम वापस; एयरपोर्ट्स पर मारपीट के हालात; दूसरी फ्लाइट्स का किराया 10 गुना बढ़ा**

**नई दिल्ली/ बेंगलुरु/ मुंबई/ हैदराबाद।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की पिछले 4 दिनों में 1700 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल होने के बाद केंद्र सरकार शुक्रवार को बैकफुट पर आ गई है।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयलाइंस, खासकर इंडिगो को 10 फरवरी 2026 तक अस्थायी राहत दी है। वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी नहीं देने के फैसले को वापस ले लिया।

इंडिगो का कहना है कि फ्लाइट ऑपरेशन नॉर्मल होने में 15 दिसंबर तक का समय लगेगा। इधर दूसरी एयरलाइन के किराए में उछाल देखने को मिला है।

यात्रियों को ऑप्शनल फ्लाइट्स की तलाश में सामान्य से 10 गुना कीमत तक पर टिकट खरीदने पड़ रहे हैं।

बुकिंग साइट MakeMyTrip के अनुसार, 6 दिसंबर को दिल्ली से बेंगलुरु की सबसे सस्ती फ्लाइट का किराया 40,000 रुपए से ज्यादा है, जबकि कुछ फ्लाइट्स का किराया 80,000 रुपए तक हैं।

वहीं, सिविल एविएशन मिनिस्टर ने सभी एयरलाइंस कंपनियों को फ्लाइट कैंसिल होने पर खुद पूरा



रिफंड देने का निर्देश दिया है। साथ ही फंसे लोगों को होटल में ठहरने के लिए उचित व्यवस्था करने को कहा है।

दरअसल इंडिगो शुक्रवार को लगातार चौथे दिन क्रू मेंबर्स की कमी से जूझ रही है। इसके कारण दिल्ली, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद सहित कई एयरपोर्ट पर 1000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो गईं।

यात्री 24-24 घंटे से फ्लाइट का इंतजार कर रहे हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्री पानी, खाना और जरूरी सामानों के लिए स्टाफ और सुरक्षाकर्मियों से बहस करते और झगड़ा करते देखे गए।

## पैसेंजर्स की सुरक्षा की कीमत पर इंडिगो को राहत

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की पिछले 4 दिनों में 1700 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल होने के बाद केंद्र सरकार शुक्रवार को बैकफुट पर आ गई है।
नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयलाइंस, खासकर इंडिगो को 10 फरवरी 2026 तक अस्थायी राहत दी है।
वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी नहीं देने के फैसले को वापस ले लिया। इंडिगो का दावा है कि इस नियम की वजह से पायलटों और अन्य स्टाफ की कमी हुई थी और पूरा ऑपरेशन प्रभावित हुआ। इसे दुरुस्त करने समय लगेगा।
डीजीसीए ने 1 नवंबर से पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियम, फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन का दूसरा फेज लागू किया था। पहला चरण 1 जुलाई को लागू हुआ था।
FDTL के दूसरे फेज के नियमों में, एयरलाइन कंपनियों के लिए पायलटों को हफ्ते में 48 घंटे आराम, यानी दो दिनों का वीकली रेस्ट देना अनिवार्य कर दिया था। इस दौरान किसी छुट्टी को वीकली रेस्ट गिनने पर रोक लगा दी थी।
डीजीसीए ने पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के लगातार नाइट शिफ्ट पर भी पाबंदी लगाई थी।
नए नियमों में वीकली रेस्ट और छुट्टियों को अलग-अलग मानने का प्रावधान था।
यह नियम पायलटों और अन्य क्रू के थकान को कम करने के लिए बनाया गया था। हालांकि, अब क्रू को पहले की तरह हर हफ्ते में लगातार 36 घंटे का आराम मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स स्टूडियो को खरीदने का ऐलान किया

**नई दिल्ली।** ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स स्टूडियो को 72 बिलियन डॉलर यानी 6.47 लाख करोड़ रुपए में खरीदने का ऐलान किया है। ये डील एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक बड़ा मर्जर है, जो स्ट्रीमिंग और ट्रेडिशनल मीडिया को जोड़ेगी। कंपनी के मुताबिक, ये खरीदारी उनके कंटेंट को और मजबूत करेगी। नेटफ्लिक्स के सीईओ टेड सारंडोस ने कहा, ये डील हमारी ग्रोथ को नई ऊंचाई देगी। वॉर्नर की फिल्में और शोज हमारी लाइब्रेरी का हिस्सा बनेंगे, जिससे यूजर्स को ज्यादा ऑप्शन्स मिलेंगे। ये ऐलान गुरुवार को कंपनी की बोर्ड मीटिंग के बाद किया गया।

### मध्य प्रदेश में बच्चों ने जिस कोल्ड्रिफ कफ सीरप का सेवन किया, उसमें डीईजी की मात्रा 42 प्रतिशत मिली

भोपाल। मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सीरप के तीन और सैंपल अमानक पाए गए हैं। इनमें डायथिलीन ग्लाइकाल (डीईजी) की मात्रा 42 प्रतिशत पाई गई है, जबकि निर्धारित मानक के अनुसार किसी भी कफ सीरप में डीईजी की मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। ये तीनों उन बाटल के सैंपल हैं, जो बच्चों द्वारा पीने के बाद बच गए थे। इनके सैंपल की जांच मध्य प्रदेश में विषाक्त कफ सीरप से 24 बच्चों की मौत के मामले की जांच कर रही एसआइटी ने राज्य औषधि लैब से कराई है।

# पुतिन के डिनर में राहुल-खड़गे को न्योता नहीं

**▸ शशि थरूर को बुलाया; कांग्रेस बोली- सरकार रोजाना प्रोटोकॉल तोड़ राजनीति कर रही**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में राष्ट्रपति भवन में शुक्रवार रात डिनर आयोजित किया गया। इसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को निमंत्रण नहीं दिया गया है। वहीं कांग्रेस के ही सांसद शशि थरूर को बुलाया गया।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि सरकार रोजाना प्रोटोकॉल तोड़ती है और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास नहीं रखती। थरूर के न्योता स्वीकार करने पर रमेश ने कहा,

अगर हमारे नेता को बुलाया नहीं गया और हमें बुलाया गया, तो हमें अपनी अंतरात्मा से सवाल करना चाहिए।

किसे बुलाया है और किसे नहीं, इसमें राजनीति खेली गई है। इसे स्वीकार करना भी सवाल उठाता है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसंबर को 23वें भारत-रूस समिट के लिए दो दिन के भारत दौरे पर पहुंचे है।

उनका यह दौरा भारत-रूस के बीच रणनीतिक संबंधों के 25 साल पूरे होने पर हो रहा है। इससे पहले पुतिन 2021 में भारत आए थे।

### बिहार समेत 3 राज्यों में एनआईए रेड,पटना-शेखपुरा से 2 गिरफ्तार

**शेखपुरा।** अवैध हथियार और गोला-बारूद को लेकर एनआईए ने पटना, नालंदा, शेखपुरा समेत राज्य के सात ठिकानों के साथ हरियाणा और यूपी में छापेमारी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें पटना से शशि कुमार और शेखपुरा से रविरंजन को गिरफ्तार किया है। बिहार के 7, हरियाणा के 2 और यूपी के 13 ठिकानों पर गुरुवार की सुबह से देर शाम तक चली छापेमारी में एनआईए ने बिहार से दो लोगों के अलावा हरियाणा के कुरुक्षेत्र से विजय कालरा और कुश कालरा को दबोचा है। जांच के अनुसार ये सभी एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा थे। जो हरियाणा से यूपी और फिर बिहार सहित देश के अन्य हिस्सों में अवैध गोला-बारूद की तस्करी बिक्री और खरीद में शामिल थे।

# पान मसाला-सिगरेट पर नया टैक्स

**वित्त मंत्री बोलीं- इसका इस्तेमाल नेशनल सिक्योरिटी में होगा, जिससे कारगिल जैसे हालात में बजट कम ना हो**

नई दिल्ली। सिगरेट-पान मसाला जैसे प्रोडक्ट पर सरकार अब एक्स्ट्रा टैक्स लगाएगी। एक्स्ट्रा टैक्स से आने वाले पैसे को नेशनल सिक्योरिटी के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दी।

लोकसभा में शुक्रवार को हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल पास हो गया। इस बिल के पास होने के बाद पान मसाला जैसी चीजें महंगी हो जाएंगी। बिल पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कारगिल लड़ाई तैयारी की कमी की वजह से हुई। आर्मी जनरलों ने बताया था कि 1990 के दशक की शुरुआत से बजट की कमी की वजह से



आर्मी के पास सिर्फ 70-80 प्रतिशत ऑथराइज़्ड हथियार, गोला-बारूद और इक्विपमेंट थे। हम नहीं चाहते कि भारत में वह स्टेज फिर कभी वापस आए।

पेश करते हुए कहा कि सेस किसी भी आवश्यक वस्तु पर नहीं, बल्कि स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाली हानिकारक वस्तुओं पर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम नागरिकों पर बोझ डाले बिना राष्ट्र की सुरक्षा के लिए जरूरी चीजों के लिए फंड मिले।

वित्त मंत्री ने कहा कि इस बिल से प्राप्त राजस्व को विशिष्ट स्वास्थ्य योजनाओं के लिए राज्यों के साथ साझा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 40 प्रतिशत जीएसटी के अलावा पान मसाला इकाइयों पर स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर भी लगाया जाएगा।

### बेनीवाल बोले- सेलेब्रिटी विज्ञापन कर रहे हैं, उन पर रोक लगाएं



हनुमान बेनीवाल सहित अन्य विपक्षी सांसदों ने इसका विरोध किया और इसे वापस लेने की मांग की। बेनीवाल ने सरकार से पूछा कि आप पान मसाला महंगा करने जा रहे हैं, गुटखा और पान मसाले का सेलेब्रिटी विज्ञापन कर रहे हैं। इसके खिलाफ सरकार क्या कर रही है। कांग्रेस के सांसद शशिकांत सेंथिल ने कहा कि इसे समझना मुश्किल है। ऐसे क्लॉज पीएमएलए में देखने को मिले थे।



## हैप्पी मॉर्निंग

एक बार एक आदमी जंगल में जा रहा था,
तभी अचानक शेर आ गया
आदमी सांस रोककर जमीन पर लेट गया यह देखकर शेर उसके पास आया और कान में बोला-
आज मंगलवार है बेटा,
वरना सारी होशियारी निकाल देता.....



## शायरी

वोट मागने के लिए गरीबी की दुहाई देती है,
क्या गरीबों की आवाज सरकारों को सुनाई देती है?

**विश्व एड्स दिवस**



जम्मू जिले के रणबीर सिंह पुरा में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास, सर्दियों की एक सुबह सूर्योदय के समय किसान पराली जलाते हुए।

# बाबरी मस्जिद शिलान्यास पर रोक से कोलकाता हाईकोर्ट का इनकार

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट में शुक्रवार को मुर्शिदाबाद में बनने वाले बाबरी मस्जिद की आधारशिला कार्यक्रम पर दखल देने से इनकार कर दिया।

साथ ही कहा- इस दौरान शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। हाईकोर्ट उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें कल यानी 6 दिसंबर को निलंबित ज्ञस्ष्ट विधायक हुमायूं कबीर के कार्यक्रम पर रोक लगाने की मांग की गई थी। हुमायूं ने कहा- कोर्ट के फैसले से याचिकाकर्ताओं को उचित जवाब मिला। बाबरी मस्जिद बनाने का एलान करने की वजह से टीएमसी ने 4 दिसंबर को हुमायूं को सस्पेंड कर दिया था।

# ट्रक ने कार को मारी टक्कर, 5 की मौत : 2 घायल

**सभी एक परिवार के सदस्य; गाड़ी का गेट तोड़कर निकालने पड़े शव**

एजेंसी

**छतरपुर।** छतरपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने कार को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही जान चली गई।

एक्सीडेंट बड़ामलहरा तहसील के मुंगवारी और चौपरिया सरकार गांव के बीच सागर-कानपुर हाईवे नंबर 34 पर शुक्रवार रात करीब 8 बजे हुआ। कार में सतना निवासी प्रजापति परिवार के 7 सदस्य सवार थे, जो शाहगढ़ जा रहे थे।

सूचना मिलते ही सागर आईजी हिमानी खन्ना सहित गुलगंज पुलिस मौके पर पहुंची। कार के गेट तोड़कर शवों को बाहर निकाला जा सका।

### हादसे में इनकी गई जान

महेंद्र प्रजापति (30)
लक्ष्मण प्रजापति (40)
दीपक प्रजापति (24)



सुरेंद्र प्रजापति (26)
लालू प्रजापति (17)

### ये जिला अस्पताल में भर्ती

भूपेंद्र प्रजापति
जितेंद्र प्रजापति

### ट्रक लेकर भाग निकला था ड्राइवर

गुलगंज थाना प्रभारी गुरु दत्त शेषा ने बताया कि ट्रक सागर की तरफ से आ रहा था जबकि कार छतरपुर की तरफ से आ रही थी।

तेज रफ्तार ट्रक ने कार नंबर एमपी19 सीए 0857 को सामने से टक्कर मारी। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक को लेकर भाग निकला था। जिसे पुलिस ने पीछा कर बिजावर रोड पर पकड़ लिया। ड्राइवर से पूछताछ कर रही है।

### घर पहुंचे तो हादसे की जानकारी मिली

मृतकों के रिश्तेदार अजय प्रजापति ने कहा- हमारी बहन की 29 नवंबर को शादी हुई थी। हम सभी दो गाड़ियों से उसे ही लेने जा रहे थे। हमारी गाड़ी आगे थी। पीछे आ रही सेंट्रो में सवार लोगों से फोन पर बात हुई थी, तब उन्होंने कहा था कि वे छतरपुर में हैं। हम शाहगढ़ पहुंचे तो पता लगा कि पीछे आ रही सेंट्रो का एक्सीडेंट हो गया है। हमारी गाड़ी में 14 लोग सवार थे। सेंट्रो में 7 लोग बैठे थे।

# रोहिंग्याओं पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, पूर्व जजों-वकीलों ने आपत्ति जताई

**सीजेआई सूर्यकांत को लेटर लिखा; कहा था- क्या घुसपैठियों को रेड कार्पेट वेलकम देना चाहिए**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2 दिसंबर को भारत में रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों के कानूनी दर्जे पर सवाल उठाए थे। इसे लेकर पूर्व जजों, वकीलों और कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत को लेटर लिखकर आपत्ति जताई है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने एक हैबियस कॉर्पस याचिका पर सुनवाई करते हुए पूछा था कि अगर कोई गैर-कानूनी तरीके से भारत में घुस आता है, तो क्या उसे रेड कार्पेट वेलकम देना चाहिए, जबकि देश के अपने नागरिक ही गरीबी से जूझ रहे हैं? लेटर में कहा गया है कि रोहिंग्या पर की गई टिप्पणी अमानवीय और संविधानिक मूल्यों के खिलाफ है। रोहिंग्या को दुनिया के सबसे उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों में बताया गया है। साथ ही रोहिंग्या लोगों



को अनुच्छेद 21 के तहत सुरक्षा का अधिकार बताया गया।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
85,712.37
+447.05 (0.52%)
निफ्टी:
26,186.45
+152.70

## मौसम



अधिकतम : 23 डिग्री से0
न्यूनतम : 07 डिग्री से0
सूयोदय रविवार : 7 : 03
सूर्यास्त शनिवार : 5 : 25

# सुप्रीम कोर्ट बोला- मंदिर का चढ़ावा भगवान की संपत्ति

**बैंक इसे लौटाए, अपनी आर्थिक हालत सुधारने में इस्तेमाल न करे**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि मंदिर में चढ़ा हर एक रुपया भगवान की संपत्ति है और इका उपयोग किसी को-ऑपरेटिव बैंक की आर्थिक हालत सुधारने के लिए नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट केरल के को-ऑपरेटिव बैंकों की याचिकाओं की सुनवाई कर रहा था, जिसमें बैंकों ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी। स्ट ने ये याचिकाएं खारिज कर दीं।

हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि बैंक तिरुनेल्ली मंदिर देवस्वम् को एफडी की रकम दो महीने के भीतर लौटाएं। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या



बागची ने सुनवाई की। सीजेआई ने बैंकों के वकीलों से पूछा- क्या आप मंदिर का पैसा बैंक बचाने के लिए इस्तेमाल करना चाहते हैं? कोर्ट ने कहा- यह धन सुरक्षित और भरोसेमंद राष्ट्रीयकृत बैंक में रखा जाना चाहिए, जहां मंदिर को ज्यादा ब्याज भी मिले। बैंक पैसा लौटाने का समय सीमा बढ़ाने के लिए हाईकोर्ट से अनुरोध कर सकते हैं।

**एसआईआर**

**बंगाल सीएम ममता बोलीं- एसआईआर की घटनाओं में मरने वालों में आधे से ज्यादा हिंदू हैं**

# गुजरात की लिस्ट में 17 लाख से ज्यादा मृत वोटर

नई दिल्ली। गुजरात में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन से पता चला है कि राज्य की मौजूदा वोटर लिस्ट में 17 लाख से ज्यादा ऐसे वोटर शामिल हैं, जिनकी मौत हो चुकी है। यह जानकारी चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर ने जारी की है।

रिलीज के मुताबिक पिछले एक महीने में रजिस्टर्ड पांच करोड़ से ज्यादा वोटरों को फॉर्म बांटे गए हैं। 33 जिलों में, 100 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। लौटे हुए फॉर्म को डिजिटाइज करने का काम जारी है।

इधर, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने एसआईआर को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए



दावा किया कि इससे जुड़ी घटनाओं में मरने वालों में आधे से ज्यादा हिंदू हैं।

मुर्शिदाबाद में रैली के दौरान बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले धार्मिक राजनीति कर रही है, वह उसी डाल को काट रही है, जिस पर बैठी है।

### 30 लाख वोटर्स ने छोड़ा गुजरात

6.14 लाख से ज्यादा वोटर अपने पते से गायब पाए गए। यह देखा गया है कि 30 लाख से ज्यादा वोटर हमेशा के लिए चले गए हैं। बीएलओ को 3.25 लाख से ज्यादा वोटर रिपीटेड कैटेगरी में मिले, जिसका मतलब है कि उनके नाम एक से ज्यादा जगहों पर थे।

### ममता का दावा- बंगाल में नहीं बनने देंगे डिटेंशन सेंटर

सीएम ममता ने सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की बताई और एसआईआर फॉर्म न भरने को लोगों की एकजुटता बताया। उन्होंने कहा कि बंगाल में एनआरसी या डिटेंशन होम की अनुमति नहीं दी जाएगी। बनर्जी ने कहा कि वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने एआई के दुरुपयोग और फर्जी बयानों पर भी चिंता जताई।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- बीएलओ के लिए एक्स्ट्रा स्टाफ दें

सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर काम कर रहे बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) पर काम के दबाव को लेकर कड़ी टिप्पणी की है। अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम की याचिका पर सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने राज्यों को आदेश दिया कि बीएलओ का बोझ कम करने के लिए आयोग को एकस्ट्रा स्टाफ दें।

## संपादकीय

# बिहार में नया 'जंगलराज' अपने पांव पसार रहा है



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

बिहार, कभी प्राचीन नालंदा और विक्रमशिला की धरती, आज फिर से अपराध की आग में झुलस रहा है। 2025 के विधानसभा चुनावों में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद, जब पूरे राज्य में सुशासन बाबू% नीतीश कुमार की वापसी का जश्न मनाया जा रहा था, तब से कानून-व्यवस्था की बागडोर ढीली पड़ने लगी है। चुनावी वादों में जंगलराज मुक्त बिहार का नारा देने वाले शासक अब चुप्पी साधे हैं, जबकि अपराध की घटनाएँ दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं। सिवान से अररिया तक, पटना से सीतामढ़ी तक, अपराधियों का मनोबल आसमान छू रहा है। क्या यह नया जंगलराज है ? हाँ, और यह पुराने लालू-राबड़ी काल से भी अधिक खतरनाक साबित हो रहा है, क्योंकि अब यह संगठित माफिया, अवैध हथियारों और राजनीतिक संरक्षण के जाल में फँस गया है।

बिहार में अपराध का ग्राफ 2025 में चरम पर पहुँच गया है। राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से जून 2025 तक 1,379 हत्याएँ दर्ज की गईं, जो पिछले साल के पूरे वर्ष के 2,786 मामलों से भी अधिक है। कुल अपराधों की संख्या 1.91 लाख से ऊपर पहुँच चुकी है, जो 2024 के पूरे वर्ष के आंकड़ों का आधा से अधिक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट में बिहार को हिंसक अपराधों के मामले में शीर्ष पाँच राज्यों में गिना गया है। हत्या के पीछे मुख्य कारण व्यक्तिगत दुश्मनी (37.8 प्रतिशत) और संपत्ति विवाद (10.2 प्रतिशत) हैं, लेकिन अवैध हथियारों की बाढ़ ने इसे और भयावह बना दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि देशी पिस्तौलें और कारतूसों की आसान उपलब्धता ने अपराधियों को बेखौफ बना दिया है।

हाल की घटनाएँ इस नए जंगलराज की पोल खोल रही हैं। 4 दिसंबर 2025 को सिवान जिले के फुलवरिया मोड़ पर दिनदहाड़े एक ग्राम प्रधान को गोली मार दी गई। अपराधी बाइक पर आए और फायरिंग कर भाग निकले। स्थानीय लोग स्तब्ध हैं, क्योंकि यह घटना चुनाव परिणामों के ठीक एक महीने बाद हुई है। इसी तरह, 3 दिसंबर को अररिया जिले के नरपतगढ़ में 28 वर्षीय शिक्षिका शिवानी कुमारी की हत्या कर दी गई। उत्तर प्रदेश के रायबरेली की रहने वाली शिवानी अपने स्कूल जा रही थीं, जब दो बाइक सवारों ने उन्हें रोका, हेलमेट उतरवाया और माथे पर गोली मार दी। वह हाल ही में सगाई कर चुकी थीं और शादी की तैयारियाँ कर रही थीं। स्थानीय दबंगों द्वारा बार-बार छेड़छाड़ की शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सीतामढ़ी में तो हालात और भी खराब हैं—सितंबर 2025 में ब्रह्मर्षि सेना के पूर्व जिला अध्यक्ष गणेश शर्मा की हत्या हुई, उसके बाद 28 सितंबर को बैंक सीएसपी ऑपरेटर श्रवण कुमार पर दिनदहाड़े फायरिंग। ये घटनाएँ साबित करती हैं कि अपराधी अब खुलेआम चुनौती दे रहे हैं।

पटना जैसे शहर भी सुरक्षित नहीं। जुलाई 2025 में व्यापारी गोपाल खेमका की हत्या ने पूरे राज्य को हिला दिया। गांधी मैदान थाने के पास %पैनाश% होटल के निकट उन्हें गोली मार दी गई। इसके बाद रामकांत यादव, विक्रम झा, जितेंद्र महतो, सुशीला देवी और सुरेंद्र केवट जैसे सात लोगों की हत्याएँ 10 दिनों में हो गईं। ये सभी व्यापारी, वकील, शिक्षक या साधारण नागरिक थे। विपक्षी नेता तेजस्वी यादव ने इसे मौत का तांडव करार दिया, जबकि उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि ये योजनाबद्ध अपराध हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि एनडीए सरकार के आने के बाद अपराधों में 80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि राष्ट्रीय औसत केवल 24 प्रतिशत है। बिहार का अपराध दर प्रति लाख जनसंख्या पर राष्ट्रीय औसत से कम है, लेकिन हत्याओं और गोलीबारी की घटनाएँ बढ़ रही हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध भी चिंताजनक हैं—गैंग रेप, दहेज हत्याएँ और छेड़छाड़ के मामले रोजाना सामने आ रहे हैं। वैशाली जिले में एक ऑर्केस्ट्रा डांसर के साथ पति के सामने गैंग रेप जैसी घटना ने समाज को शर्मसार कर दिया।

इस नए जंगलराज के पीछे राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक विफलता है। चुनावों में बाहुबली उम्मीदवारों को टिकट बाँटने वाले नेता अब चुप हैं। मोकामा में अनंत सिंह जैसे अपराधी के समर्थन में ललन सिंह का रोड शो, दानापुर में लालू यादव का रीतलाल यादव के लिए प्रचार—ये उदाहरण बताते हैं कि अपराध और राजनीति का गठजोड़ अब भी कायम है। एनडीए की जीत के बाद पुलिस ने शूटर सेल बनाने की घोषणा की, लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ नहीं बदला। श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह ने कहा, जो गोली चलाएगा, उसे गोली लगेगी, लेकिन हत्याएँ रुक क्यों नहीं रही ? भ्रष्टाचार और माफिया (रेत, शराब, जमीन) का बोलबाला है। बिहार के उद्योगपति और व्यापारी अब सुरक्षा की माँग कर रहे हैं। पटना में 24 दिसंबर को सैकड़ों व्यापारियों ने कैंडल मार्च निकाला।

विपक्ष इसे जंगलराज की वापसी बता रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, बिहार भारत का अपराध राजधानी बन गया है। तेजस्वी ने सवाल उठाया, कौन जिम्मेदार है इन सैकड़ों हत्याओं का ? लेकिन सत्ताधारी दल इसे व्यक्तिगत विवाद बताकर टाल रहा है। पुराना जंगलराज लालू काल का था, जहाँ अपहरण और फिरौती का राज था। नया जंगलराज अधिक संगठित है—अवैध हथियार, माफिया और राजनीतिक छत्रछाया के साथ। पटना हाईकोर्ट ने 1997 में ही जंगलराज शब्द गढ़ा था, आज वह फिर प्रासंगिक हो गया है।

बिहार की जनता अब जाग चुकी है। विकास की बातें अच्छी हैं, लेकिन बिना सुरक्षा के जीडीपी वृद्धि (2023-24 में 14.47 प्रतिशत) का क्या मतलब ? सरकार को कड़े कदम उठाने होंगे—अवैध हथियारों पर नकेल, माफिया पर बुलडोजर एक्शन और पुलिस सुधार। अन्यथा, यह नया जंगलराज पूरे राज्य को निगल जाएगा। बिहारी युवा अब पलायन नहीं, बल्कि न्याय चाहते हैं। क्या नीतीश कुमार सुनेंगे, या इतिहास खुद को दोहराएगा ?

## जिंदा हैं तो क्या खुशी।

जिंदा हैं तो क्या खुशी
रहेंगे नहीं तो क्या ग़म होगा
जिस पल हमारी सांस थमेगी,
एक निशान सा कम होगा।

जीवन तो बहता एक दरिया ,
कभी शांत, कभी खुश बेइंतहां
किसी के होंठों पर मुस्कान बनें,
जीने का सार्थक हर करवां।

हम चलें, भले ही थककर गिरें,
रुकना मगर कभी सीखा नहीं,
दूसरों के दुख में दीप जलें,
नही रुकेगी अंधेरी रात कहीं।

नाम से ज्यादा काम जरूरी,
शब्दों से ज्यादा कर्म प्रहरी
आँसू पोंछें किसी के, है अरमान
जीवन का यही सच्चा सम्मान।

खुद के लिए जीना क्या जीना
जो दूसरों में जीवन भर दें,
गिनती में भले न आएं,
अमरत्व के पल भर दें।

जिंदा रहकर यदि
किसी के काम न आए,
तो जीवन का क्या मोल ,
मरकर भी दिलों में रहें,
तो जीवन अमिट,अनमोल।

चलो किसी थकी आंखों में,
आशा की मुस्कान जगाएं,
चलो किसी टूटी आवाज़ में,
नई सुबह का गीत सजाएं।

जिंदा हैं तो कोई खुशी नहीं,
रहेंगे नहीं तो क्या ग़म होगा
जीवन दूसरों को रोशनी दे जाए,
मृत्यु का गौरव उस पल होगा।

संजीव ठाकुर, रायपुर
छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

# नए भारत को सुरक्षा एवं संवेदना वाली नई पुलिस चाहिए

ललित गर्ग

भारतीय लोकतंत्र के संरचनात्मक स्तंभों में पुलिस की भूमिका अत्यंत निर्णायक है।

वह केवल अपराधियों से मुकाबला करने वाली शक्ति नहीं बल्कि कानून-व्यवस्था, नैतिकता और जनविश्वास की संरक्षक है। परंतु विडम्बना यह है कि आम जनता के मानस में पुलिस की छवि आज भी कठोरता, डर, भ्रष्टाचार और दमन से जुड़ी हुई दिखाई देती है।

भारतीय लोकतंत्र में पुलिस व्यवस्था कानून-व्यवस्था की आधारभूत धुरी है, परंतु आम नागरिक के मानस में पुलिस की छवि अभी भी कठोरता, डर और दमन से जुड़ी हुई है। इसे केवल अधिकार जताने वाली शक्ति समझा गया है, संवेदनशीलता, जवाबदेही और मित्र भाव से नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन में इसी जटिलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुलिस की छवि तभी बदलेगी जब व्यवस्था अधिक प्रोफेशनल, अधिक उत्तरदायी और अधिक मानवीय बने। विकसित भारत की दृष्टि में पुलिस का पुनर्गठन केवल प्रशासनिक सुधार नहीं बल्कि समाज में भरोसे को पुनर्जीवित करने का कार्य भी है।

पुलिस के पास अपराध नियंत्रण, आतंकवाद-निरोध, भीड़ प्रबंधन, आपदा राहत, नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान, चुनाव ड्यूटी और वीआईपी सुरक्षा जैसी असंख्य जिम्मेदारियां हैं, लेकिन संसाधन सीमित हैं, कार्य-भार भारी और राजनीतिक दबाव व्यापक हैं। कुछ अधिकारियों के भ्रष्ट या कठोर व्यवहार ने संपूर्ण पुलिस व्यवस्था की छवि पर चोट पहुंचाई है, इसलिए जनता पुलिस के निकट आने पर भी भय का अनुभव करती है।

प्रधानमंत्री ने इस स्थिति बदलने की स्पष्ट आवश्यकता जताई और युवाओं में पुलिस की सकारात्मक छवि निर्माण पर बल दिया ताकि आने वाली पीढ़ी पुलिस को मित्र और संरक्षणकर्ता के रूप में पहचाने।

भारतीय लोकतंत्र के संरचनात्मक स्तंभों में पुलिस की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। वह केवल अपराधियों से मुकाबला करने वाली शक्ति नहीं बल्कि कानून-व्यवस्था, नैतिकता और जनविश्वास की संरक्षक है। परंतु विडम्बना यह है कि आम जनता के मानस में पुलिस की छवि आज भी कठोरता, डर, भ्रष्टाचार और दमन से जुड़ी हुई दिखाई देती है।

समाज पुलिस को डंडे और खाकी के प्रतीक रूप में पहचानता है, संवेदनशीलता और जवाबदेही के दृष्टिकोण से नहीं।

यही कारण है कि पुलिस सुधार दशकों से विमर्श का विषय तो रहा, लेकिन कभी जनांदोलन नहीं बन सका, न चुनावी मुद्दा बना और न ही गंभीर राजनीतिक प्राथमिकता।

इसलिये मोदी ने शहरी पुलिसिंग को मजबूत करने, पर्यटक पुलिस को फिर से सक्रिय करने, विश्वविद्यालयों को फोरेंसिक अध्ययन के लिए प्रेरित करने और नए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम तथा नागरिक सुरक्षा संहिता पर व्यापक जनजागरूकता चलाने की जरूरत रेखांकित की।

उनका यह दृष्टिकोण पुलिस को प्रतिक्रियाशील संस्था से आगे बढ़ाकर बुद्धिमान, वैज्ञानिक, पूर्वानुमान आधारित और विश्वसनीय संस्था बनाने की दिशा है।

प्रधानमंत्री की दृष्टि का महत्वपूर्ण आयाम यह है कि पुलिस केवल कानून लागू करने वाली मशीन नहीं बल्कि समाज का सहभागी तंत्र है। यदि पुलिस व्यवहार में संवेदनशीलता, संवाद, पारदर्शिता और विनम्रता विकसित करे तो जनविश्वास स्वत: बढ़ेगा।

नए कानूनों के बारे में जन-जागरूकता अभियान इसी सोच का हिस्सा है, क्योंकि कानून तभी प्रभावी होते हैं जब जनता उन्हें समझती और स्वीकार करती है। अपराध की प्रकृति तेजी से बदल रही है, इसलिए पुलिस का प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता, इंटेलिजेंस नेटवर्क और फोरेंसिक क्षमता मजबूत होना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री ने नेटग्रिड, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एकीकृत डेटाबेस के प्रभावी उपयोग पर जोर देकर पुलिसिंग को डेटा आधारित, कृत्रिम बुद्धिमता-एआई और वैज्ञानिक सोच से जोड़ने की दिशा दिखाई है।



उन्होंने प्रतिबंधित संगठनों की सतत निगरानी, नशीली दवाओं के विरुद्ध बहुस्तरीय रणनीति, कट्टरपंथ से प्रभावित क्षेत्रों में विकास आधारित समाधान, तटीय सुरक्षा के नवाचार, तथा प्राकृतिक आपदाओं में सक्रिय पुलिस नेतृत्व की आवश्यकता भी व्यक्त की।

यह सब उस व्यापक सोच का हिस्सा है जिसमें पुलिस केवल अपराध से लड़ने वाली व्यवस्था नहीं बल्कि विकास की रणनीतिक सहभागी शक्ति है।

परंतु पुलिस सुधार केवल निर्देशों से संभव नहीं; इसके लिए संतुलित एवं अत्याधुनिक ढांचे की जरूरत है जिसमें प्रशिक्षण, संसाधन, मनोबल, आचार-नीति, राजनीतिक निर्भरताओं से मुक्ति और सामाजिक सम्मान शामिल हों। आलोचना जितनी महत्वपूर्ण है, पुलिस के संघर्षों को समझना भी उतना ही आवश्यक है, क्योंकि इसी दोतरफा समझ से सुधार का रास्ता निकलता है। प्रधानमंत्री की अपेक्षा है कि पुलिस नेतृत्व खुद को नए भारत की आकांक्षाओं के अनुरूप तैयार करे, लक्ष्य स्पष्ट करे और वह व्यवस्था बनाए जिसमें नागरिक पुलिस को भय से नहीं बल्कि विश्वास से देखें। विकसित भारत की यात्रा में सुरक्षा, न्यायबोध और अनुशासन की संरचना को सशक्त बनाने के लिए पुलिस का आधुनिक, मानवीय और विश्वसनीय स्वरूप अनिवार्य है।

यह सुधार केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि सोच, दृष्टि और चरित्र का परिवर्तन है। तभी खाकी का सम्मान लौटेगा, जनता का विश्वास मजबूत होगा और पुलिस व्यवस्था वास्तव में लोकतंत्र की प्रहरी के रूप में पहचानी जाएगी।

प्रधानमंत्री के ताजा विचारों ने स्पष्ट किया है कि पुलिस की छवि सुधारने का अर्थ केवल कठोरता घटाना नहीं, बल्कि उसे प्रोफेशनल, संवेदनशील और जवाबदेह बनाना है। आज जरूरत इस बात की है कि पुलिस व्यवस्था के लिए भय का नहीं, विश्वास और सुरक्षा का केंद्र बने। शहरी पुलिसिंग को सुदृढ़ करने, पर्यटक पुलिस को पुनर्जीवित करने और नए आपराधिक कानूनों पर जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में पहल इसलिए महत्वपूर्ण है कि इससे पुलिस डंडे की ताकत से आगे बढ़कर मदद की शक्ति बनेगी। यदि नागरिक को यह अनुभव होने लगे कि पुलिस मदद के लिए तत्पर है, उसके अधिकारों का सम्मान करती है और कानून का निष्पक्ष पालन करती है, तो खाकी वर्दी का अर्थ केवल अनुशासन नहीं बल्कि विश्वास, अभय और सहारा प्रतीत होगा। यही वह परिवर्तन है जो विकसित भारत की सोच में निहित है।

अंग्रेज़ी शासकों ने अपने शासन को थोपने, जनता को नियंत्रित करने और भय-आधारित प्रशासन चलाने हेतु पुलिस तंत्र की रचना की। 1860 के कानून के आधार पर स्थापित भारतीय पुलिस का मूल चरित्र दंडात्मक, शासक-केन्द्रित और कठोर शक्ति-प्रयोग वाला था।

स्वतंत्रता के बाद भी इस व्यवस्था में सार्थक बदलाव न होना एक विडंबना है। आज़ाद भारत ने लोकतंत्र अपनाया पर पुलिस ढांचे ने अभी तक औपनिवेशिक सोच को पूरी तरह त्यागा नहीं।

परिणामत: पुलिस जनसेवा की बजाय सत्ता को बचाने और भय पैदा करने का उपकरण बनी रह गई। आज आवश्यकता है कि भारत का पुलिस तंत्र भारत के मूल्यों के अनुरूप पुनर्निर्मित हो।

विकसित भारत को विकसित सोच वाली पुलिस चाहिए जो नागरिकों के साथ विश्वास-आधारित संबंध बनाए, दमन नहीं बल्कि संरक्षण दे, और कानून को लागू करने में नैतिकता, पारदर्शिता और मानवता को प्राथमिकता दे। ऐसी पुलिस व्यवस्था ही सच्चे अर्थों में लोकतंत्र की प्रहरी बन सकती है और भारत की सभ्यता-संस्कारों का प्रतिबिंब भी।

इसी संदर्भ में पुलिस थानों के नामकरण की सोच पर पुनर्विचार भी आवश्यक है। थाना शब्द में दमन और भय की छाया रही है, जबकि लोकतांत्रिक समाज में वह नागरिक सहारा का स्थान होना चाहिए। यदि उन्हें सुरक्षा केंद्र, नागरिक सहायता केंद्र, पुलिस सेवा भवन, अभय केंद्र या सहयोग प्रहरी केंद्र जैसे नाम दिए जाएं तो नागरिक के मानस में पुलिस की भूमिका का अर्थ बदलने लगेगा। नाम केवल शब्द नहीं होता, वह भाव, चरित्र और अनुभव निर्मित करता है। इस सकारात्मक नामकरण से पुलिस केन्द्र केवल शिकायत या धमकाने का प्रतीक नहीं बल्कि सहायता, समस्या-समाधान, विश्वास और न्याय का केन्द्र बन सकता है। यह प्रतीकात्मक परिवर्तन, यदि व्यवहार सुधार के साथ जुड़ जाए, तो पुलिस के प्रति जनता में सम्मान, निर्भयता और साझेदारी की भावना और अधिक मजबूत होगी और यही वह दिशा है जिसे विकसित भारत की सुरक्षा, नीतिगत सोच और संवेदनशील शासन का स्वरूप कह सकते हैं।

इसके विपरीत आज की वास्तविकता यह है कि जब पुलिस दरवाजे पर आती है, तो नागरिक घबराता है-कहीं फंस न जाऊं। यह भय उस विश्वासहीनता का परिणाम है जिसे बदलना आवश्यक है। अपराध की प्रकृति बदल रही है, साइबर अपराध, आर्थिक अपराध, आतंकवाद, मानव तस्करी, ड्रग नेटवर्क-इनसे मुकाबले के लिए बेहतर प्रशिक्षण, तकनीक और इंटेलिजेंस चाहिए। लोकतंत्र में पुलिस सबसे प्रत्यक्ष शासन-कर्म है। जनता रोज उसे देखती, झेलती और समझती है।

खराब अनुभव सीधे शासन के प्रति अविश्वास पैदा करते हैं। विकसित भारत 2047 की आकांक्षाओं में पुलिस वह संरचना है जो सुरक्षा, अनुशासन, न्याय और सामाजिक साझेदारी को सुनिश्चित करती है। पुलिस की वर्दी के भीतर मनुष्य, संवेदना और विवेक दिखाई दे, तभी खाकी का सम्मान लौटेगा और जनता का विश्वास सुदृढ़ होगा। नए भारत के निर्माण में पुलिस का यह रूपांतरण एक निर्णायक धुरी होगा, जहां सुरक्षा और संवेदनशीलता साथ-साथ चलें, और जहां कानून केवल भय नहीं बल्कि न्याय और विश्वास का प्रतीक बने।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3731



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1 2 3 5 / 1 2 4

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 3730 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक बार में थर्टी फर्स्ट की पार्टी मना रहे युवक-युवतियों का ध्यान अचानक बोर्ड पर गया, जिसमें लिखा था 'यहाँ देर रात तक नहीं चलेगी पार्टियाँ।'

उनमें से एक युवक ने घड़ी देखी और घबराया हुआ मेन गेट पर आकर झाँकने लगा।

तभी पास ही गश्त लगा रहे पुलिस वाले ने कहा- तुम्हारे पास अब सिर्फ चार ही मिनट बचे है। यहाँ से जल्दी भागो वर्ना अंदर कर दूँगा।

□ □ □

प्रेमिका से मिलने गया प्रेमी बोला- अभी तुमसे मिलने आते समय रास्ते में किसी ने मेरी जेब ही काट ली?

प्रेमिका- तो तुमने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज की?

प्रेमी नहीं- ...जैसे ही मैंने कटी हुई जेब देखी, फौरन पास वाले दर्जी से सिलवा ली।

□ □ □

अपने दोस्तों के साथ ताश खेल रहा क्रोधित पति (पत्नी से)- युधिष्ठिर भी तो जुआ खेलते थे, फिर तुम मुझे क्यों रोकती हो?

पत्नी इतराकर बोली- कभी नहीं रोकूँगी! खूब खेलो जुआ, लेकिन इस बात को याद रखना की द्रौपदी के पाँच पति थे।

## फिल्म वर्ग पहेली- 3731



**बायें से दायें:-**

१. 'बरसो रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२. राजेशखन्ना, धर्मेन्द्र, वहीदा की फिल्म-३
४. 'नींद कभी रहती थी आँखों में' गीत वाली फिल्म-३
६. राज सोलंकी, हिना रहमान, पायल की फिल्म-२
७. 'कहना है जो दिल से कहो' गीत वाली फिल्म-४
९. संजीवकुमार, नूतन की फिल्म-२
११. 'हम और तुम तुम और' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१४. 'कुछ लोग यहाँ पर ऐसे है' गीत वाली फिल्म-४
१५. मकरंद देशपांडे, शबाना, श्वेता की फिल्म-३
१६. 'जब आती होगी याद मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
१९. 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
२०. अनिल धवन, रेहाना की फिल्म-२,२
२२. 'पर्दे में रहने दो पर्दा ना' गीत वाली फिल्म-३
२४. सुनील दत्त, साधना की फिल्म-३
२५. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२६. अभिषेक, उदय, एशा की फिल्म-२
२७. 'शरमाए काहे घबराये' गीत वाली फिल्म-२
२९. आमिर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
३०. 'लगन लागी मन की लगन' गीत वाली फिल्म-२
३१. फिल्म 'मनोरंजन' में नायिका कौन थी-३
३२. शाहरूख, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. ऋषि, अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-४
२. 'नील गगन पे उड़ते बादल आ' गीत वाली फिल्म-४
३. फिल्म 'मि. बॉण्ड' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
४. जीतेंद्र, रीना राय, रामेश्वरी की 'धक धक से धड़कना' गीत वाली फिल्म-२
५. 'सपनों का शहर हो' गीत वाली अरशद वारसी, महिमा चौधरी की फिल्म-३
८. सुष्मिता की पहली फिल्म ?-३
१०. 'चूड़े वाली छमिया मिला नैन रे' गीत वाली सनी, जयाप्रदा की फिल्म-३
१३. विनोद खन्ना, बिन्दू की 'दिल करने लगा है प्यार तुम्हे' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'जीना तेरी बाहों' गीत वाली सुनील शेट्टी, इंद्रकुमार, नम्रता की फिल्म-३
१७. प्रदीपकुमार, नर्गिस की 'दिल की गिरह खोल दो' गीत वाली फिल्म-२,२,२
१८. 'नजर के सामने जिगर' गीत वाली राहुल राय, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
१९. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'ढपली वाले ढपली बजा' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'गोरी जो मटके बालों' गीत वाली सुनील, रवीना, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
२३. राजेंद्र कुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'हर एक घर में दिया' गीत वाली संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की फिल्म-२
२८. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'अभी साँस लेने की' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3730



## सूडोकु -3731

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3730 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

## शब्द पहेली - 3731



**बाएँ से दाएँ**

1.अपनापन का विलोम-5
4.हठ करना,रोना,लालसा करना-4
7.गीत (अंग्रेजी-2)
8.गलीचा,कारपेट-3
9.किनारा,छोर-2
10.झगड़ा,कहासुनी-4
11.समय,वक्त-2
13.बेबस-3
14.राष्ट्र,स्वदेश-2
15.पुत्र,लड़का-3
17.प्राप्त करना-2
19.सेंधमार-5
22.चरित्र,व्यवहार-2,3
25.जीव,दूत,जासूस-2
26.आत्मबलि देना-3
28.ताकत,जोश,बल-2
29.कराह,टीस,लालसा-3
30.वहम,संदेह-2
32.आह भरना-4
34.दूर्वा,घास-2
36.चोंगा,गाऊन-3
37.सफर,जात्रा-2
38.दयालु,कृपालु-4
39.निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.पांव, पैर-2
2.भिखारी,मंगता-3
3.अस्वीकृत करना-3,2
4.माला का मोती-3
5.बुरी आदत-2
6.नाटक से परिपूण-4
7.हल्का काला,श्याम-5
10.व्यवस्थित-4
12.बुरी आदत-2
16.अनुकृति-3
17.तांबूल,पत्ता-2
18.रुखसार,कपोल-2
20.डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21.जोड़,योग-2
22.चतुर्थ-2
23.आनंद ध्वनि करना-4
24.महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25.चमकीला-5
26.नीच,नराधम -4
27.विनाश, नेस्तनाबूत-2
31.रंग (अंग्रेजी-3)
33.पराजित करना-3
35.गौरेया, एक चिड़िया-2
37.दोस्त,मित्र, सखा-2

### शब्द पहेली -3730 का हल



# स्पोर्ट्स सिटी के 40 हजार बायर्स को राहत

## तीन साल से बंद काम होगा शुरू, 30 से 45 दिन में प्राधिकरण हटाए प्रतिबंध

**नोएडा।** सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा की स्पोर्ट्स सिटी परियोजना में लंबे समय से फंसे करीब 40 हजार फ्लैट खरीदारों को बड़ी राहत देते हुए दोबारा से निर्माण कार्य शुरू करने का रास्ता साफ कर दिया है। इस परियोजना में लगभग तीन साल से निर्माण कार्य बंद था।

जस्टिस एमएम सुंदरेश और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने नोएडा प्राधिकरण और परियोजना को बनाने वाले डेवलपर के बीच हुए समझौते के आधार पर निर्माण कार्य शुरू करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पीठ ने अपने आदेश में कहा है कि परियोजना के निर्माण कार्य पर जो प्रतिबंध लगा है, उसे नोएडा बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद हटा दिया जाएगा।

आदेश में कहा गया गया है कि



बेहतर होगा कि आदेश मिलने की तारीख से 30- 45 दिनों के भीतर निर्माण कार्य से प्रतिबंध हटा दिया जाए। नोएडा प्राधिकरण ने 18 जनवरी 2021 को स्पोर्ट्स सिटी के निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगा दिया था। इस मामले में लोट्स ग्रुप की ओर से प्रस्ताव नोएडा प्राधिकरण को दिया गया था, जिस पर प्राधिकरण ने सहमति जताई थी। ग्रुप ने कहा था कि वह प्राधिकरण को बकाये की 20 फीसदी राशि का भुगतान दो माह में करेगा। 80 प्रतिशत राशि को अगले तीन वर्ष में छह किस्तों में दिया जाएगा।

### ब्रोशर की शर्तों करेंगे काम

वह प्राधिकरण के सामने संशोधित मास्टर प्लान अगले 30 दिनों में देंगे और पूर्व में जारी ब्रोशर में जो शर्तें थीं, उन सभी के अनुसार निर्माण कार्य करेंगे। वहां पर खेल सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। अगले तीन वर्ष में काम पूरा होगा। नोएडा प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष संशोधित मास्टर प्लान को विचारार्थ तभी प्रस्तुत किया जाएगा, जब यह मूल स्पोर्ट्स सिटी योजना और ब्रोशर के अनुरूप पाया जाएगा। इसे प्राधिकरण बोर्ड द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। इस फैसले के बाद स्पोर्ट्स सिटी में 40 हजार से अधिक लोगों को फ्लैट मिल सकेंगे।

### 20 प्रतिशत फ्लैट प्राधिकरण के पास रहेंगे

स्पोर्ट्स सिटी के जिन बिल्डरों ने अपना प्रस्ताव प्राधिकरण को नहीं दिया। वे भी अगले तीस दिनों में प्राधिकरण को प्रस्ताव देंगे और उन्हें भी इस फैसले का लाभ मिलेगा। तीन सालों से बंद पड़े काम शुरू हो सकेंगे। कोर्ट के आदेशानुसार बिल्डर द्वारा तैयार सभी टावर में 20 प्रतिशत फ्लैट प्राधिकरण के पास तब तक गारंटी के रूप में रहेंगे, जब तक बकायादार बिल्डर प्राधिकरण का पूरा भुगतान नहीं कर देता। यदि बिल्डर बकाये का भुगतान नहीं करता है और तय शर्तों का उल्लंघन करता है तो प्राधिकरण फ्लैट की नीलामी कर सकेगा।

# ग्रेटर नोएडा निक्की हत्याकांड, जेठ की जमानत याचिका खारिज


निक्की, मृतक

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव में हुए चर्चित निक्की भाटी हत्याकांड में आरोपी जेठ रोहित भाटी की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सत्र न्यायालय में सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद जमानत याचिका खारिज कर दी।

निक्की के परिजनों की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता उधम सिंह तोगड़ और दिनेश कुमार कलसन ने बताया कि कासना कोतवाली पुलिस द्वारा चार्जशीट दाखिल होने के बाद यह सुनवाई हुई। उन्होंने अदालत को बताया कि हत्या पूर्व नियोजित साजिश के तहत की गई थी और इस साजिश में पूरा परिवार शामिल है।

### पुलिस ने कोर्ट में 500 पन्नों की दाखिल की चार्जशीट

पुलिस द्वारा दाखिल की गई 500 से अधिक पन्नों की चार्जशीट में भी हत्या को षड्यंत्र का हिस्सा बताया गया है।

वकीलों ने अदालत में यह भी स्पष्ट किया कि आरोपी रोहित की घटना में प्रत्यक्ष संलिप्तता है, जिसके आधार पर उनकी ओर से मजबूती से आपत्ति दर्ज कराई गई।

अदालत ने तर्कों और साक्ष्यों का संज्ञान लेते हुए आरोपी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

# नोएडा में 2 करोड़ जीएसटी क्लेम करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- 11 करोड़ की तैयार की थी फर्जी इनवायस, कंपनी का अकाउंटेंट ही निकला मास्टरमाइंड

**नोएडा।** नोएडा के थाना साइबर क्राइम पुलिस ने 11 करोड़ रुपए के फर्जी इनवॉइस बनाकर करीब 2 करोड़ रुपए का जीएसटी क्लेम कर धोखाधड़ी करने वाले एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम अब्दुल रजीक उर्फ अब्दुल रज्जाक है।

इसके कब्जे से एक मोबाइल फोन और फर्जी जीएसटी बिल भी बरामद किए गए हैं। आरोपी पीड़ित कंपनी में अकाउंट सेक्शन में कार्य करता था। इसी दौरान उसने इनकम टैक्स रिटर्न और जीएसटी पोर्टल पर लगभग 11 करोड़ रुपए के फर्जी इनवॉइस तैयार किए और करीब 2 करोड़ रुपए का जीएसटी क्लेम कर धोखाधड़ी की। उसने कंपनी की आईडी और पासवर्ड हैक कर फर्जी इनवॉइस बनाकर यह क्लेम किया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कंपनी में अकाउंटेंट के रूप में काम करता था और जीएसटी क्लेम से संबंधित कार्य भी देखता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात अभिनव त्यागी से हुई।

अभिनव त्यागी ने उसे बताया कि वह जीएसटी बिल खरीदने वाले ग्राहकों का संपर्क करवा सकता है और इसके बदले एक प्रतिशत कमीशन मिलेगा। अभिनव त्यागी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# नोएडा कारोबारी संगठनों के साथ सीईओ ने की बैठक

## यूनीफाइड पॉलिसी, ग्राउंड कवरेज, टाइम एक्सटेंशन, फंक्शनल सर्टिफिकेट पर हुई चर्चा

**नोएडा।** नोएडा में कारोबारियों की समस्याओं के निवारण के लिए औद्योगिक संगठनों के साथ प्राधिकरण सीईओ ने बैठक की। इस बैठक में नोएडा इंटरप्रिन्योर्स एसोसिएशन, लघु उद्योग भारती, नोएडा हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अलावा अन्य संगठन मौजूद रहे।

बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश, सतीश पाल, विशेष कार्याधिकारी महेन्द्र प्रसाद मौजूद रहे।

बैठक में नोएडा इंटरप्रिन्योर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन ने कारोबारियों को भूखंडों पर दिए जाने वाले नोटिस आदि से संबंधित समस्याओं, ग्राउंड कवरेज को बढ़ाने,



यूनिफाइड नीति में संबंधियों के नाम में दादा/दादी का नाम सम्मिलित किय जाने, ट्रांसफर चार्ज, टाइम एक्सटेंशन शुल्क को कम करने, कार्य शीलता समयावधि बढ़ाये जाने, पशुचर भूमि से संबंधित तहसील से प्राप्त होने संबधित नोटिस के निवारण की समस्या रखी।

नोएडा हैंडलूम हैण्डीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने नोएडा शिल्प हाट में निर्यातक बाजार लगाने के लिए स्थान उपलब्ध कराने, लघु उद्योग भारती द्वारा औद्योगिक क्षेत्र फेज-2 में ड्रेन एवं अव्यवस्थित वेडिंग जोन के निवारण संबंधित मांग की गई। उद्यमियों द्वारा समस्याओं के बारे में सीईओ लोकेश एम ने कहा कि यूनिफाइड नीति में दादा/दादी का नाम संबंधियों में सम्मिलित किये जाने का प्रस्ताव दिया जा रहा है। जिसका समस्त औद्योगिक संगठनों द्वारा स्वागत किया गया।

### जल्द ही नीतिगत फैसले होंगे

इसके अलावा ग्राउंड कवरेज, ट्रांसफर फीस, टाइम एक्सटेंशन कार्य शीलता समयावधि बढाने के संबंध में जल्द ही नीतिगत निर्णय लिए जाएंगे। औद्योगिक सेक्टर से संबंधित मूलभूत सुविधाओं व अतिक्रमण आदि से संबंधित समस्याओं के त्वरित निवारण से संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश निर्गत किये गये।

# शार्ट न्यूज

### ग्रेटर नोएडा में छात्र की संदिग्ध मौत, पुलिस ने हादसा मानकर दी अंतिम रिपोर्ट

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में गलगोटिया यूनिवर्सिटी के छात्र यशस्वी राज की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। घटना को तीन साल बीत चुके हैं, लेकिन पीड़ित परिवार अब भी पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं है। परिवार की ओर से डीसीपी ग्रेटर नोएडा को नई शिकायत देकर मामले की जांच किसी अन्य कोतवाली या एजेंसी से कराने की मांग की गई है। बिहार निवासी यशस्वी राज, यूनिवर्सिटी में बीएससी के छात्र थे। 12 अक्टूबर 2022 को वह दोस्तों के साथ दनकौर कस्बे में घूमने निकले थे। देर रात तक हॉस्टल न लौटने पर उनके मामा आशुतोष सिन्हा ने गुमशुदगी दर्ज कराई। तीन दिन बाद 15 अक्टूबर को छात्र का शव विश्वविद्यालय से लगभग 500 मीटर दूर एक नाले में मिला। परिजनों ने शिकायत में उनके छह साथी छात्रों पर हत्या का आरोप लगाया था, जिस आधार पर मुकदमा दर्ज हुआ। लेकिन जांच के दौरान दनकौर पुलिस ने घटना को हत्या के बजाय दुर्घटना बताया और सभी आरोपियों को निर्दोष मानते हुए अंतिम रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल कर दी।

### हनीट्रैप गिरोह का पर्दाफाश, दो बहनें गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की कासना थाना पुलिस ने हनीट्रैप गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो युवतियों सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से हनीट्रैप के जरिए वसूले गए 1 लाख 90 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। एक युवक ने कासना थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। युवक ने बताया कि विनिशा, खुशी और दो अज्ञात लड़कों ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर 5 लाख रुपये जबरन वसूल लिए और उसके साथ मारपीट भी की। पुलिस ने युवक की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के शीघ्र खुलासे के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने मैनुअल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से दीपांशु (निवासी दनकौर), विनिशा और खुशी (निवासी कासना) को सावित्री बाई इंटर कॉलेज के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे तीनों मिलकर ऐसे अविवाहित पुरुषों को निशाना बनाते थे, जिन्हें लड़कियों से बात करने का शौक होता था। वे उन्हें अपने प्रेमजाल में फंसाकर शादी के नाम पर पैसे की मांग करते थे। इसी रणनीति के तहत विनिशा ने ग्रेटर नोएडा के एक युवक से बातचीत शुरू की। उनके बीच व्हाट्सएप पर चैट और फोन पर बातें हुईं।

### इंजीनियर से 12 करोड़ की साइबर ठगी

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा में अब तक का सबसे बड़ा साइबर फ्रॉड सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति से लगभग 12 करोड़ रुपए की ठगी की गई है। सेक्टर-47 निवासी इंद्रपाल चौहान, जो एक इंजीनियर कंसल्टेंट हैं, इस ठगी का शिकार हुए हैं। ठगी की शुरुआत अक्टूबर में हुई। इंद्रपाल के व्हाट्सएप पर %क्यारा शर्मा% नाम की एक प्रोफाइल से मैसेज आया। इस महिला ने बातचीत शुरू की और इंद्रपाल को निवेश के लिए उकसाया। इंद्रपाल पहले से ही विभिन्न कंपनियों में निवेश करने का काम करते हैं। उस युवती ने निवेश के नाम पर इंद्रपाल को 'SUNDARAN AMC-STAY Positive' और 'vvv SUNDARAN AMC-INFINITE Possibilities' नामक दो व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा। इन ग्रुप्स में नकली प्रॉफिट के स्क्रीनशॉट दिखाकर उन्हें यह विश्वास दिलाया गया कि यह एक प्रमाणित शेयर ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म है। शुरुआत में पीड़ित ने 50 हजार रुपए का निवेश किया। ठगों ने उन्हें 9 लाख रुपए का प्रॉफिट आसानी से निकालने दिया, जिससे उनका भरोसा बढ़ गया। इसके बाद, 17 दिनों में 9 ट्रांजैक्शन के माध्यम से कुल 11 करोड़ 99 लाख 50 हजार रुपए कई खातों में ट्रांसफर करवा दिए गए।

### नोएडा में सौतेले पिता ने बच्चों को नाले में फेंका

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा पुलिस ने दो बच्चों को नाले में फेंकने के आरोप में उनके सौतेले पिता को गिरफ्तार किया है। राहगीरों की मदद से दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। यह घटना सेक्टर-142 थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी आशीष (सौतेला पिता) ने तीन और चार साल के दो बच्चों (बेटा और बेटी) को जान से मारने की नीयत से नाले में फेंक दिया। एक रेपीडो वाले और अन्य राहगीरों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बच्चों को सुरक्षित बचा लिया। सूचना मिलते ही थाना सेक्टर-142 पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज किया। बच्चों का मेडिकल परीक्षण कराया गया और उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम ने लोकल इंटेलिजेंस की मदद से आरोपी आशीष पुत्र भारत सिंह को सेक्टर-142 मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी आशीष दोनों बच्चों का सौतेला पिता है और उनसे द्वेष रखता था। वह बच्चों को अपने पास नहीं रखना चाहता था। आशीष और बच्चों की मां नीलम मूल रूप से एक ही गांव के रहने वाले हैं। नीलम की शादी आशीष के चचेरे भाई से हुई थी, जिसके बाद आशीष और नीलम की दोस्ती हो गई।

### 64 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा की थाना सेक्टर फेस वन पुलिस ने अवैध गांजे की तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 64 किलोग्राम गांजा और एक चोरी का ई-रिक्शा बरामद किया है। यह तस्कर पश्चिम बंगाल से गांजा लाकर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सप्लाई करता था। गौतमबुद्ध नगर पुलिस लगातार नशा माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में थाना फेस वन पुलिस ने निताई सरकार नामक आरोपी को गिरफ्तार किया, जो छलेरा में रह रहा था और मूल रूप से पश्चिम बंगाल का निवासी है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 15 लाख रुपए बताई जा रही है। नोएडा के डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी निताई सरकार उर्फ चुपा बंगाली एक शातिर गांजा तस्कर है। वह पश्चिम बंगाल से ट्रेन के जरिए 5 से 6 किलोग्राम के छोटे पैकेट बनाकर, कुलियों की मदद से अलग-अलग बोगियों में रखकर गांजा दिल्ली लाता था। दिल्ली पहुंचने के बाद वह ट्रेन से गांजा उतारकर अपने चोरी किए गए ई-रिक्शा में रखकर फुटकर विक्रेताओं को सप्लाई करता था। डीसीपी ने बताया कि वह विशेष किस्म के गोल्डन मिर्ची गांजे की तस्करी करता था, जिसकी बाजार में काफी मांग रहती है। आरोपी निताई सरकार 2019 में अपनी पत्नी मौसमी सरकार के साथ भी जेल जा चुका है। वह पिछले लगभग 8 सालों से गांजे की तस्करी में लिप्त है। दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न थानों में उसके खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक वर्क के फर्जी बिल का मामला

## ठेकेदार ने 35 लाख रुपए हड़पे, कंपनी ने दर्ज कराया मुकदमा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में रॉयल होमटाउन प्लेनर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट ने एक व्यक्ति पर इलेक्ट्रॉनिक वर्क के फर्जी बिल बनाकर 35 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया है।

स्थानीय पुलिस से मदद न मिलने पर कोर्ट के आदेश पर दनकौर कोतवाली में शुक्रवार को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

वाइस प्रेसिडेंट अजहर अब्बास जैदी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, आरोपी देवेंद्र सिंह ने कंपनी की दनकौर स्थित स्पोर्ट्स सिटी में निर्माणाधीन प्रोजेक्ट में इलेक्ट्रॉनिक वर्क का टेंडर लिया था। आरोप है कि इस काम के दौरान देवेंद्र सिंह ने फर्जी बिल बनाकर कंपनी से 35 लाख रुपए का गबन किया।

शिकायत में उल्लेख है कि कंपनी ने वर्ष 2018 में स्पोर्ट्स सिटी में 'बैटल टैप' नाम से एक प्रोजेक्ट शुरू किया था। इलेक्ट्रॉनिक कार्य के लिए आधारशला पावर कॉरपोरेशन के मालिक देवेंद्र सिंह को टेंडर दिया गया था। यह काम आठ महीने में पूरा होना था और इसके लिए 1 करोड़ 70 लाख रुपए का वर्क ऑर्डर जारी किया गया था।

आरोप है कि देवेंद्र सिंह ने वर्क ऑर्डर से अधिक राशि के फर्जी बिल प्रस्तुत कर कंपनी से अतिरिक्त 35 लाख रुपए हड़प लिए।

जब कंपनी ने उनसे पैसे वापस मांगें, तो उन्होंने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पहले स्थानीय पुलिस व उच्च अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई न होने पर कोर्ट में याचिका दायर की।

दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध निर्माण के आरोप में महिला पर केस

**नोएडा।** वाजिदपुर गांव में प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर अवैध निर्माण करने पर महिला के खिलाफ दर्ज कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नोएडा विकास प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी ने थाना एक्सप्रेसवे में शिकायत दी कि आरोपी महिला वाजिदपुर गांव में अधिसूचित जमीन खसरा संख्या-188 पर बिना प्राधिकरण की अनुमति के बहुमंजिला इमारत का निर्माण करवा रही है। विरोध करने पर महिला और उसके पक्ष के अन्य लोग प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बदसलूकी करते हैं।

# जेवर में नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला गिरफ्तार

## महिला भी अरेस्ट, जेल भेजने की तैयारी कर रही पुलिस

जेवर। ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा थाना पुलिस ने एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में एक युवक और एक महिला को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शुक्रवार शाम मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर की गई।

पुलिस टीम ने म्याना-आकलपुर चौराहे के पास दबिश देकर आरोपी सौरभ और महिला ब्रजेश ठाकुर को हिरासत में लिया। गिरफ्तार सौरभ हरियाणा के फरीदाबाद जनपद के थाना सदर बल्लभगढ़ क्षेत्र के ग्राम सुनपेड का निवासी है। वहीं, ब्रजेश ठाकुर गाजियाबाद की डीएलएफ कॉलोनी, दिलशाद एक्सटेंशन-2 में रहती है। पुलिस के अनुसार, दोनों के खिलाफ थाना रबूपुरा में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की मीडिया सेल ने बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। जिनको शनिवार को कोर्ट में पेशकर जेल भेजा जाएगा।

# नोएडा में 10 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा की थाना सेक्टर-24 पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है।

इसके पास से 10 किलो गांजा बरामद किया गया है। इसकी मादक काफी तेज है।

इसका नाम मौहम्मद इमरान उर्फ शाहरुख हुई है। इस पर करीब 22 मुकदमे दर्ज है।

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया ये उड़ीसा और अन्य राज्यों से गांजा लेकर आता है और दिल्ली एनसीआर में सप्लाई करता है।

इसके ग्राहक पीजी , कॉलेज और हास्टल और बस्तियों में रहने वाले लोग है। जिनको गांजा बेचकर मुनाफा कमाता है। उन्होंने बताया कि लोकल इंटेलिजेंस बीट पुलिसिंग की सहायता से इमरान को गंदे नाले की पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया है। इसको गांजा कौन देता है पूरे लिंक की तलाश की जा रही है।

इस पर दिल्ली में करीब 21 मुकदमे दर्ज है। डीसीपी ने बताया कि ये पूर्व में जेल जा चुका है।

जब भी बाहर आता है आर्थिक लाभ कमाने के लिए गांजा की सप्लाई करने लगता है। अधिकांश मामले नोएडा , गाजियाबाद- दिल्ली बार्डर से जुड़े है।

# ग्रेटर नोएडा में 'वन सिटी वन ऑपरेटर' योजना का विरोध

## 800 पंप ऑपरेटरों की नौकरी पर संकट, किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा और नलकूप संगठन ने पंप ऑपरेटरों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन 'वन सिटी वन ऑपरेटर' योजना के विरोध और समान वेतन सहित आधा दर्जन मांगों को उठाते हुए किया गया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो प्राधिकरण पर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

नलकूप संगठन और किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के सदस्य जोरदार नारेबाजी करते हुए ग्रेटर नोएडा



प्राधिकरण पहुंचे। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई। प्रदर्शनकारी प्राधिकरण के गेट पर बैठ गए और अपनी मांगों को प्रमुखता से रखा।

किसान नेता कृष्ण नागर ने बताया कि यह प्रदर्शन पंप ऑपरेटरों की समस्याओं को लेकर किया गया है। उनका आरोप है कि प्राधिकरण नई योजना के तहत सभी पंप ऑपरेटरों को हटाने की तैयारी में है। नागर ने आगे कहा कि प्राधिकरण यह काम किसी बड़े ठेकेदार के माध्यम से करवाना चाहता है, जिससे करीब 800 पंप ऑपरेटरों की नौकरी पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने मांग की कि सभी ऑपरेटरों को जेम पोर्टल से जोड़ा जाए, ताकि उनका शोषण न हो सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी ऑपरेटर की नौकरी गई, तो उनका संगठन बड़ा आंदोलन करेगा और जरूरत पड़ी तो भूख हड़ताल भी की जाएगी। नागर ने कहा कि उनका संगठन हर नलकूप ऑपरेटर के साथ खड़ा है और किसी भी स्थिति में आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार है।

# 100 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले 8 आरोपी अरेस्ट

## नोएडा में एसटीएफ ने पकड़ा, फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोन लेते थे; 220 बैंक अकाउंट फ्रीज

**नोएडा।** नोएडा एसटीएफ ने बैंकों के साथ 100 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी करने वाले एक गैंग को पकड़ा है। गैंग के आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। ये लोग फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंक से होम और पर्सनल लोन लेते थे।

इनके पास से 126 पास बुक, 170 डेबिट कार्ड 45 आधार कार्ड, 27 पैन कार्ड, 15 आईडी कार्ड , 5 निर्वाचन आयोग के पहचान पत्र, 26 मोबाइल फोन, 3 गाड़ियां और लैपटॉप मिले हैं। इनके पास से 220 बैंक अकाउंट को फ्रीज किया गया है। जिसमें जमा पैसों का आकलन किया जा रहा है।

ये गैंग फर्जी प्रोफाइल बनाकर चंडीगढ़ , उत्तराखंड ,दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बिल्डर्स के साथ सांठ गांठ करके बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी से प्रोफाइल फंडिंग भी करा रहे थे। अब तक की जांच में करीब 10 बैंकों से 100 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी मिली है।

इनकी पहचान रामकुमार, नितिन जैन, मो0 वसी, शमशाद आलम, इन्द्रकुमार कर्माकर, अनुज यादव, अशोक कुमार उर्फ दीपक जैन, ताहिर हुसैन हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त रामकुमार ने पूछताछ पर बताया कि उसकी उम्र लगभग 45 साल है। वह पहले एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक में लोन एक्जुकेटिव के पद पर काम कर चुका है।

इसके बाद फर्जी प्रोफाइल तैयार करके लोन कराने का काम करने लग गया। रामकुमार बिल्डरों के साथ मिलकर फर्जी प्रोफाइल तैयार करता और उनके नाम से होम लोन लेता है। जिसमें से कुछ रकम बिल्डर रामकुमार को वापस देता है।

रामकुमार ने टीएसए साफ्टवेयर सर्विसेज प्रालि और ट्रिपटेक प्रालि नाम से फर्जी आधार कार्ड बनाकर तैयार किये गये।

फर्जी व्यक्ति को डायरेक्टर बनाकर रजिस्ट्रर्ड कंपनी कराई है। इन कंपनियों में फर्जी आधार कार्ड पर बनाये गए। व्यक्ति के बैंक खाते, बैंक कर्मियों के साथ मिली भगत करके खोले और इन कंपनियों में फर्जी रूप से प्रतिमाह सैलरी भेजकर उनकी प्रोफाइल तैयार की।

# नोएडा में जुटेगा जनसैलाब, राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल पर विशाल पुष्पांजलि

## सड़कों पर नीली पताकाएं तो लहराएंगी, नही नजर आएगी बसपा सुप्रीमो

**ग्रेटर नोएडा।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस पर, बहुजन समाज पार्टी द्वारा एक विशाल श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

6 दिसंबर 2025 को यह मुख्य कार्यक्रम नोएडा स्थित राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 6 मंडल, उत्तराखंड और दिल्ली के समर्थक यहाँ पुष्पांजलि अर्पित करने जुटेंगे।

बता दे कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में बसपा सुप्रीमो मायवती को शिरकत करना था, लेकिन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खुद ही पोस्ट कर प्रस्तावित रैली रद्द करने का ऐलान कर दिया।

उन्होंने रैली रद्द करने की वजह आमजन को होने वाली दिक्कतों को बताया। उन्होने कहा कि वे लखनऊ स्थित अपने आवास पर ही बाबासाहेब को निजी तौर पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी।

साथ ही अन्य लोगों से भी यही अपील की कि कार्यकर्ता बिना किसी राजनीतिक दिखावे के शांति के साथ श्रद्धासुमन अर्पित करें। अब इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बसपा के राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर और युवा नेतृत्व, आकाश आनंद उपस्थित रहेंगे। साथ ही, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, माननीय आनंद कुमार भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

सुबह प्रात: 8:00 बजे से पुष्पांजलि कार्यक्रम शुरू होगा। पार्टी के जिला, मंडल और विधानसभा स्तर के सभी सम्मानित पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक तैयारियों में जुटे हैं।

इस दौरान वे मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण के महत्वपूर्ण कार्यों के साथ-साथ इस कार्यक्रम की तैयारियों को भी सुनिश्चित कर रहे हैं।

आज लाखों की संख्या में बसपा समर्थक बाबा साहब को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

इस आयोजन को यूपी में होने वाले आगामी विधान सभा चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक गलियारों में बासपा मास्टर स्ट्रोक बताया जा रहा है. बहरहाल नोएडा की सड़कों पर नीली पताकाएं तो लहराएंगी, पर बसपा सुप्रीमो का चेहरा गायब रहेगा।

# इंस्पेक्टर ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को मारी गोली, मौत

## जालौन में सिर के आरपार हुई बुलेट, पेट्रोलिंग के बाद थाने पर लौटे थे

**जालौन।** जालौन के कुठौंद थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अरुण कुमार राय ने अपनी सर्विस रिवाल्वर से गोली मार ली। बुलेट उनके सिर के आरपार हो गई।

गोली की आवाज सुनकर हमराही उनके क्वार्टर की ओर दौड़े। दरवाजा खोला तो इंस्पेक्टर खून से लथपथ पड़े थे। उनके हाथ के पास रिवॉल्वर पड़ी थी।

पुलिसवाले उनको लेकर अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर्स ने उनको बचाने के लिए दो घंटे तक मशक्कत की लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

घटना शुक्रवार रात की उरई जिला मुख्यालय से करीब 51 किलोमीटर दूर कुठौंद थाने की है। खुद को गोली मारने वाले इंस्पेक्टर गोरखपुर के रहने वाले थे।

2023 में वह इंस्पेक्टर पद पर प्रमोट हुए थे। एसपी दुर्गेश कुमार ने बताया- सुसाइड के कारणों को अब तक पता नहीं चल सका है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।




### रात में पेट्रोलिंग की, भंडारा में शामिल हुए

हमराही सिपाहियों के अनुसार, शाम को वे थाने के पास चल रहे पांच कुंडीय महायत्र के भंडारे में शामिल हुए। यहां उनको सम्मानित किया गया। इसके बाद जालौनी माता मंदिर के पुजारी सर्वेश महाराज की बेटी की शादी में पहुंचे। वहां वर-वधू को आशीर्वाद देने के बाद उन्होंने कस्बे में पेट्रोलिंग की। रात करीब 9 बजे वह थाने स्थित अपने सरकारी आवास पर पहुंचे।

रात करीब 9: 30 बजे थाने के अंदर स्थित आवास से गोली की आवाज आने पर स्टाफ सबसे पहले वहां पहुंचा। पुलिसकर्मियों ने बताया- दरवाजा खोलने पर देखा गया कि इंस्पेक्टर अपने क्वार्टर में खून से लथपथ पड़े हैं।

इसके बाद उनको लेकर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। लेकिन उनकी हालत को देखते हुए डॉक्टर्स ने उरई हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया- मेडिकल कॉलेज में देर रात करीब 11.15 मिनट पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### गोली मारने की वजह अभी स्पष्ट नहीं

मौके की स्थिति को देखते हुए यह स्पष्ट है कि गोली बहुत करीब से चलाई गई है, लेकिन यह आत्महत्या थी या कोई और वजह—इसकी पुष्टि पुलिस अब तक नहीं कर सकी है। उधर, सूचना मिलते ही एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार, एडिशनल एसपी प्रदीप कुमार वर्मा और कई वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे। थाने और आवास के कमरे की फोरेंसिक टीम ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

## मेरठ में जीजा ने साले की हत्या की

**मेरठ।** मेरठ में मां के सामने बेटे की हत्या कर दी। युवक को आरोपियों ने फोन कर घर से बाहर बुलाया और घर से करीब 150 मीटर दूर घेरकर सीने में तमंचे से गोली मार दी। बेटे को गोली लगता देख मां चिल्लाने लगी। तभी आरोपी भाग गए। आवाज सुनकर परिवार और पड़ोस के लोग पहुंचे और केशव (26) को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। केशव का शव घर पहुंचते ही परिजन रोने-चिल्लाने लगे। लोग केशव का शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए रवाना हुए हैं। देर रात पुलिस ने आरोपी आयुष पुत्र मोनू बंसल निवासी सरस्वती लोक थाना कंकरखेडा और अंश पुत्र विक्की निवासी फाजलपुर रोहटा रोड थाना कंकरखेडा को गिरफ्तार कर लिया।

## दहेज हत्या के मुकदमे में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय भेजे गए



**बीसलपुर।** दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर विवाहिता की हत्या के मुकदमे में वांछित दो आरोपियों को बीसलपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पकड़े गए आरोपियों में मोहम्मद आरिफ पुत्र शफी बख्श और शफी बख्श पुत्र अमीर बख्श, निवासी उगनपुर मरौरी शामिल हैं।गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक हशमत अली, हेड कांस्टेबल अनुराग और कांस्टेबल आयुष त्यागी शामिल रहे।यह मामला जनपद शाहजहांपुर के थाना पुवायां के मोहल्ला हरदयाल कूंचा निवासी राशिद अली पुत्र बंदे अली की तहरीर पर दर्ज किया गया था। उन्होंने बीसलपुर थाना क्षेत्र के उगनपुर मरौरी निवासी आरिफ, निशार, अबरार, शफी बख्श, नजरीन, आसमां सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ आरोप लगाया था कि उनकी बेटी को अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर प्रताड़ित किया गया और हत्या कर दी गई।

मामले में पुलिस ने धारा 118/25 के तहत मुकदमा संख्या 31,825 दर्ज कर जांच शुरू की थी। दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेज दिए गए हैं, जबकि शेष की तलाश जारी है।

## बैंक मैनेजर की पत्नी की कुचलकर मौत, 4 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**बरेली।** बरेली में बुधवार को स्टेडियम रोड पर ट्रक ने बैंक मैनेजर की पत्नी को कुचल दिया था। हादसे में उनकी मौत हो गई थी। एसएसपी अनुराग आर्य ने मामले की जांच एसपी ट्रैफिक मुहम्मद अकमल को सौंपी थी। रिपोर्ट में पुलिसकर्मियों की लापरवाही पाए जाने पर ट्रैफिक दरोगा समेत 4 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया। वहीं, होमगार्ड और 2 पीआरडी जवानों पर विभागीय कार्रवाई का आदेश जारी किया गया। एसएसपी ने कहा कि नो एंट्री में भारी वाहन को जाने देना ड्यूटी में गंभीर लापरवाही है। उन्होंने ट्रैफिक प्वाइंट्स को मजबूत करने और स्टेडियम रोड से डेलापीर तिराहे तक कड़ी निगरानी के निर्देश भी दिए।

सूत्रों के मुताबिक, डेलापीर तिराहे पर तैनात ट्रैफिक पुलिस ट्रक ड्राइवरों से वसूली करती है। 100-200 रुपए देकर ट्रक वाले भी नो एंट्री में घुस जाते हैं। बुधवार को भी रोज की तरह ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर सतनाम सिंह, सिपाही सोनू कुमार, सौरभ, महिला सिपाही अंजू रानी की ड्यूटी लगी थी।

हादसे के वक्त ड्यूटी पर होमगार्ड प्रभुदयाल, रामरतन और पीआरडी जवान मान सिंह व धर्मपाल भी तैनात थे।

## लखनऊ में भतीजे ने चाचा को मार डाला

**लखनऊ।** लखनऊ में भतीजे ने चाचा को मार डाला। जमीन विवाद को लेकर अपने बाप के सामने ही तमंचे से गोली मार दी। दृष्टिहीन चाचा भाई-भतीजे से नाराज होकर ननिहाल में रह रहा था। भतीजा अपने पिता के साथ उनको घर वापस ले जाने आया था। घटना के बाद बाप-बेटे फरार हो गए। घटना दुबग्गा थाना क्षेत्र स्थित ताड़खेड़ा गांव में शुक्रवार शाम सात बजे हुई। मृतक की पहचान मानक नगर के रहने वाले वीरेंद्र कुमार यादव (48) के रूप में हुई है। वीरेंद्र पिछले छह महीने से ननिहाल ताड़खेड़ा में रह रहे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आरोपी भतीजे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। डीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया- मानक नगर थाना क्षेत्र के मेहंदीखेड़ा गांव के रहने वाले नागेंद्र कुमार यादव अपने बेटे जितेंद्र कुमार यादव के साथ अपने भाई वीरेंद्र को लेने के लिए ताड़खेड़ा गांव पहुंचे थे। यहां जमीन विवाद को लेकर दोनों भाइयों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। बात बढ़ने पर भतीजा जितेंद्र कुमार यादव आग-बबूला हो गया और अपने पास मौजूद 315 बोर के देसी तमंचे से चाचा वीरेंद्र पर फायर कर दिया। वीरेंद्र जमीन पर गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## हाईवे पर दर्दनाक हादसा : सियार से बाइक टकराई, पीछे से कार ने रौंदा

### कंपाउंडर की मौत, परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इनकार

**पूरनपुर।** गुरुवार देर शाम आसाम हाईवे पर एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे की घटना मेडिकेयर हॉस्पिटल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद होने से पूरा मामला स्पष्ट हो गया है। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया, जिससे परिजनों में कोहराम मचा है।खीरी जनपद के मैलानी थाना क्षेत्र के काकोरी गांव निवासी पवन कुमार शर्मा पुत्र वीरेंद्र कुमार शर्मा सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गढ़वाखेड़ा स्थित फिरोज




अस्पताल में कंपाउंडर के रूप में कार्यरत थे। रोज की तरह गुरुवार शाम भी वह हॉस्पिटल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह कजरीङ्कनिरंजनपुर स्थित मेडिकेयर हॉस्पिटल के पास पहुँचे, तभी उनकी बाइक अचानक सड़क पार कर रहे एक सियार से टकरा गई।

टक्कर लगते ही पवन कुमार सड़क पर गिर पड़े और उनकी बाइक फिसलकर एक तरफ जा गिरी। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने उन्हें कुचल दिया। हादसा इतना विभत्स था कि पवन कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।इसी दौरान हॉस्पिटल के सीसीटीवी कैमरे में कार के युवक को कुचलते हुए भागने की पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। फुटेज देखने पर स्पष्ट होता है कि बाइक गिरने के कुछ ही सेकंड बाद कार युवक पर चढ़ गई।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होकर मृत्यु को प्राप्त हुआ है। परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद वे भी घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिवार को सौंप दिया। पुलिस कार और चालक की तलाश में जुटी है।

## पुलिस लाइंस में पीआरडी स्थापना दिवस परेड का अभ्यास शुरू

**पीलीभीत।** पीआरडी के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली परेड की तैयारियां पुलिस लाइंस में शुरू हो गई हैं। परेड अभ्यास शुक्रवार से आरंभ हुआ, जिसमें प्रांतीय रक्षक दल के स्वयंसेवक उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रहे हैं।जिला युवा कल्याण अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि परेड में कुल तीन टुकड़ियां शामिल होंगी, प्रत्येक में 21 स्वयंसेवक रहेंगे। तीन टोली कमांडरों के नेतृत्व में लगभग 70



जवान अभ्यास में भाग ले रहे हैं।

स्थापना दिवस का आयोजन इस वर्ष जनपद स्तर पर किया जा रहा है, जिससे कार्यक्रम की व्यापकता में वृद्धि हुई है। पीआरडी स्वयंसेवकों में भी उत्साह देखा जा रहा है। जिले में लगभग 400 स्वयंसेवक तैनात हैं, जो वर्षभर पुलिस के साथ मिलकर शांति, सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था में सहयोग करते हैं।अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष स्थापना दिवस का आयोजन भव्यता के साथ किया जाएगा। अभ्यास के दौरान जवानों को अनुशासन, परेड मूवमेंट और दलेरानापूर्ण प्रदर्शन की विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है।

## आजमगढ़ में 230 विद्यालय बनेंगे परीक्षा केंद्र

**आजमगढ़।** यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी आजमगढ़ में शुरू हो गई है। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में इस बार ब्लैकलिस्टेड परीक्षा केंद्रों को सेंटर नहीं बनाया जाएगा। इसको लेकर बोर्ड ने जिले के आठ विद्यालयों को ब्लैकलिस्टेड कर दिया है। यह सभी ऐसे परीक्षा केंद्र है जिस पर सामूहिक नकल के आरोप लग चुके हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की गई है। हालांकि इन विद्यालयों के प्रबंधकों ने ब्लैक लिस्ट से बचने के लिए बहुत प्रयास किए पर सफल नहीं हुए। डीआईओएस कार्यालय को बोर्ड मुख्यालय ने जो सूची भेजी है। उसमें जिले के आठ विद्यालयों को डिबार घोषित कर दिया है। यूपी बोर्ड के सचिव ने कहा है कि इन विद्यालयों को किसी भी दशा में परीक्षा केंद्र न बनाया जाए। जिन विद्यालयों को सेंटर नहीं बनाया गया है उनमें चिल्ड्रन पब्लिक इंटर कॉलेज देवगांव, आदर्श विद्यालय चांदपुर कुसमरा, सत्य सेवा आदर्श इंटर कॉलेज मलतारी, राम ख्याल इंटर कॉलेज नायकपुर, राजाराम स्मारक इंटर कॉलेज गंभीरपुर प्रमुख है।

## पुलिस ने सौंपे तीन खोए मोबाइल कीमत 40 हजार, मालिकों के चेहरे पर लौटी खुशी



**ललितपुर।** नाराहट में साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 03 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी कीमत 40 हजार रुपये है। थानाध्यक्ष पारोल सिंह चन्देल ने ये फोन उनके मालिकों को सौंपे, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी पाली सुनील कुमार के पर्यवेक्षण में थाना नाराहट पर जनसुनवाई में गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी । थाना नाराहट की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड किया गया व मोबाइल फोन के आईएमआईई नम्बरों को रन कराया गया ।

## राम जानकी मंदिर परिसर को लेकर याचिका खारिज

**प्रयागराज।** प्रयागराज के नगर पंचायत शंकरगढ़ स्थित सदर बाज़ार में दो सौ वर्ष पुराने राम-जानकी मंदिर परिसर पर अवैध निर्माण के आरोपों को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दी । कोर्ट ने कहा कि निजी भूमि के विवाद में राज्य को निर्देश नहीं दिए जा सकते । इस आधार पर जनहित याचिका को खारिज कर दिया। नगर पंचायत के रिकॉर्ड में भूमि राजा महेंद्र प्रताप सिंह की निजी स्वामित्व वाली है। जनहित याचिका में आरोप था कि मंदिर की जगह पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा है। चीफ जस्टिस अरुण भंसाली एवं जस्टिस क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दिया कि भूमि निजी/गैर-सरकारी है और ऐसे मामलों में जनहित याचिका दायर नहीं की जा सकती।

## परेड की सलामी लेकर एसपी ने किया निरीक्षण

ललितपुर। एसपी ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड पर साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी परेड का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया ।तत्पश्चात रिज़र्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं जैसे- शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई । डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण किया गया । निरीक्षण को दौरान वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस



सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई । पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया । त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए । एसपी द्वारा अर्दली रूम का आयोजन किया गया, जिसमें रिज़र्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों अवलोकन किया गया तथा विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लम्बित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया गया । परेड में शामिल पुलिस अधि0/कर्म0गण से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

## एसपी ने मिशन शक्ति केंद्र के प्रभारियों को सीयूजी नंबर किए वितरित

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने बताया कि महिला सुरक्षा, सम्मान एवं त्वरित सहायता हेतु जनपद के सभी स्थानों पर मिशन शक्ति केंद्र सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं । महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी को सीयूजी नंबर उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे किसी भी आपात स्थिति, अपराध, छेड़छाड़, उत्पीड़न, हिंसा या संदेहजनक गतिविधि की स्थिति में महिलाएं सीधे संपर्क कर सकें। यदि किसी भी महिला या बालिका के साथ किसी प्रकार की असामाजिक या आपराधिक गतिविधि होती है अथवा कोई भी संदेहजनक व्यक्ति या घटना दिखाई देती है तो तुरंत मिशन शक्ति केंद्र के जारी किए गए सीयूजी नंबरों पर सूचना दें ।
महिला सम्बन्धी अपराध के पंजीकृत अभियोगों की पीड़िता/वादिया उक्त सीयूजी नम्बर पर कॉल करके सम्बन्धित प्रकरण की प्रचलित विवेचनात्मक कार्यवाही के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकती है। मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारियों को उपलब्ध/आवंटित सीयूजी नम्बर का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करने तथा थाना स्थानीय के सभी बोर्ड/पम्पलेट पर उक्त सीयूजी नम्बर को अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया । जनपद में वितरित सीयूजी नम्बर की सूची निम्नवत् है।

1. कोतवाली ललितपुर - 9454406960
2. जखौरा - 9454406966
3. जाखलौन - 9454406980
4. महिला थाना ललितपुर - 9454406984
5. तालबेहट - 9454406983
6. बार - 9454406958
7. पूराकला - 9454406991
8. महरौनी - 9454406972
9. बानपुर - 9454406987
10. सौजना - 9454406982
11. मड़ावरा - 9454406995
12. मदनपुर - 9454406961
13. गिरार - 9454406975
14. पाली - 9454406963
15. नाराहट - 9454406964
16. बालाबेहट - 9454406962।

## चित्रकूट में बाइक सवार दो युवक जिंदा जले

चित्रकूट। चित्रकूट में गुरुवार देर शाम बाइक और ट्रक की टक्कर हो गई। टक्कर में ट्रक का डीजल टैंक धमाके के साथ फट गया और उसमें आग लग गई। बाइक सवार दो युवक आग की चपेट में आकर जिंदा जल गए। हादसे में दोनों युवक ट्रक के नीचे फंस गए थे। उन्हें निकलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने 1 घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पाया। घटना बगरेही के पास कर्वी-प्रयागराज रोड की है। घटना की सूचना मिलते ही रैपुरा थाना प्रभारी आशुतोष तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल हाईवे पर यातायात को रोक दिया। इससे दोनों ओर लंबा जाम लग गया। घायल दोनों बाइक सवार युवकों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर, फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद ट्रक और बाइक को हाईवे से किनारे किया गया। फिर ट्रैफिक छोड़ा गया। उन्होंने बताया- मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बाइक ट्रक के डीजल टैंक से टकराई।

# शार्ट न्यूज

## बैंक फ्रेंचाइजी संचालक पर 12,000 रुपये हड़पने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**बीसलपुर।** बैंक ऑफ इंडिया की एक फ्रेंचाइजी पर जमा किए गए 12,000 रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने दो बार में यह धनराशि जमा कराई थी, जिसकी रसीद भी फ्रेंचाइजी संचालक ने दी थी, लेकिन बाद में बैंक जाकर जब उसने पैसे निकालने चाहे तो खाते में किसी भी जमा की पुष्टि नहीं मिली। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव उल्हिका निवासी रेखा रानी पुत्री अशोक कुमार ने आरोप लगाया कि उन्होंने पाल पेट्रोल पंप के पास स्थित बैंक ऑफ इंडिया फ्रेंचाइजी में पहले 5,000 और बाद में 7,000 रुपये जमा किए थे। कुछ दिनों बाद बैंक से पैसा निकालने पर पता चला कि खाते में राशि जमा ही नहीं हुई। पीड़िता के पिता अशोक कुमार जब स्पष्टीकरण लेने फ्रेंचाइजी संचालक के घर पहुंचे तो आरोपी के भाई ने अभद्रता करते हुए कहा कि फ्रेंचाइजी बंद कर दी है, कोई पैसा नहीं मिलेगा। पीड़िता ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। मामले के खुलासे को लेकर ग्रामीणों में भी चर्चा बनी हुई है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर

**बीसलपुर।** बीसलपुर-शाहजहांपुर मार्ग पर शुक्रवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना उस समय हुई जब महिला अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर दावत में जा रही थी। गुलेदा गोटिया चौराहे के पास सामने से आती ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल महिला की पहचान मुन्नी देवी पत्नी हजारीलाल, निवासी मोहल्ला पटेल नगर, के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पति ने 108 एंबुलेंस को कॉल किया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस टीम ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल पहुँचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर चालक के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## दहेज हत्या के मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** तालबेहट दहेज हत्या के मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन्हें कोर्ट में पेश किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-408/2025 धारा- 85,80(2),351(3) बीएनएस व 4 डी0पी0 एक्ट में वांछित अभियुक्तगण पूरन पुत्र नारायन कुशवाहा उम्र करीब 50 वर्ष, राजकुमारी पत्नी प्रभुदयाल उम्र करीब 38 वर्ष नि0गण ग्राम जमालपुर थाना तालबेहट को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश भेजा जा रहा है । गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा उ.नि. मानवेन्द्र सिंह परमार आरक्षी सुरज सिंह आरक्षी दीपक कुमार हे.का. गुड्डन देवी आदि शामिल रहे।

## कानपुर के बिकरू कांड की याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कानपुर के चर्चित बिकरू कांड में आर्म्स एक्ट के केस की सुनवाई मूल मुकदमे के साथ करने के खिलाफ़ याचिका दाखिल अभियुक्तों की खारिज़ कर दी। याचिका में आर्म्स एक्ट के मुकदमे का ट्रायल अलग चलाने की मांग की गई थी। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने रमेश चंद्र व छह अन्य आरोपियों की याचिका पर दिया है। याचिका में स्पेशल कोर्ट कानपुर देहात के गत छह अगस्त के आदेश को चुनौती दी गई थी। कहा गया था कि ट्रायल कोर्ट ने याचियों का पक्ष सुने बिना आर्म्स एक्ट का केस मूल मुकदमे के साथ सुने जाने का आदेश दिया है जो अवैधानिक है। याचिका का विरोध करते हुए अपर शासकीय अधिवक्ता विकास सहाय ने कहा कि याचियों को सुनवाई का अवसर दिया गया था लेकिन उनकी ओर से कोई आपत्ति नहीं की गई। रिकॉर्ड देखने पर पता चला कि ट्रायल कोर्ट ने आदेश से पूर्व याचियों को सुनवाई का मौका दिया था लेकिन उनकी ओर से कोई आपत्ति नहीं की गई।

## दूल्हे की दूसरी शादी में पहली पत्नी का हंगामा

**बलिया।** बलिया के दोकटी थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक व्यक्ति की दूसरी शादी उसकी पहली पत्नी ने रुकवा दी। पहली पत्नी अपने वकील के साथ विवाह स्थल पर पहुंची और दावा किया कि दूल्हे ने उससे कोर्ट मैरिज की थी। दूल्हा मंडप से फरार हो गया, जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, बैरिया थाना क्षेत्र के भुआलछपरा गांव निवासी राजेश पाण्डेय पुत्र राज गोपाल पाण्डेय की शादी दोकटी क्षेत्र की एक युवती से तय थी। दुल्हन अपने परिजनों के साथ विवाह स्थल पर पहुंची और दूल्हे का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान झारखंड राज्य के खरसांवा जिले की लक्ष्मी अपने वकील और दोकटी पुलिस के साथ विवाह स्थल पर पहुंची। लक्ष्मी ने दावा किया कि उसकी राजेश से 10 साल पहले कोर्ट मैरिज हुई थी। लक्ष्मी ने बताया कि राजेश ने उससे तलाक का मुकदमा बलिया में दायर किया था। उसे फेसबुक के जरिए राजेश की दूसरी शादी की जानकारी मिली। वह तुरंत उसके गांव पहुंची, लेकिन घर बंद मिला।

## हर्ष फायरिंग से युवक की मौत

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद के कमालगंज थाना क्षेत्र के उमराव नगला में शुक्रवार रात नामकरण संस्कार के दौरान हर्ष फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई। घटना अंजुल यादव के घर पर हुई, जहां रात करीब आठ बजे दावत और नाच-गाने का कार्यक्रम चल रहा था। ग्रामीणों के मुताबिक एक प्रधान अपने पौत्र के साथ लाइसेंसी दोनाला बंदूक लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे थे। प्रधान के पौत्र ने बंदूक से हर्ष फायरिंग की। ग्रामीणों ने माने तो बंदूक दोबारा लोड करते समय अचानक गोली चल गई, जो सामने खड़े गांव के अंशु यादव (20) पुत्र किंदर पाल यादव के सीने में जा लगी। अंशु मौके पर ही गिर गया। गोली लगने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। अंशु के पिता किंदर पाल के पहुंचने तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोग चले गए, जिससे दावत बंद हो गई और गांव में सन्नाटा छा गया। सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर राजीव कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। मृतक अंशु यादव अपने पिता किंदर पाल के साथ खेती का काम करता था। घटना के बाद परिजन सदमे में हैं।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

**बरेली।** बरेली में 2016 के एक चर्चित दुष्कर्म मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। पॉक्सो-03 कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी पंकज को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ 10,000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामला थाना हाफिजगंज क्षेत्र का है। जुलाई 2016 में एक महिला ने अपने गांव के युवक पंकज पुत्र नत्थूलाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता की मां ने बताया था कि आरोपी लंबे समय से उसकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ करता था। शिकायत के अनुसार, 22 जुलाई 2016 की रात करीब 11:30 बजे आरोपी दीवार फांदकर घर में घुस आया और कमरे में सो रही नाबालिग का मुंह दुपट्टे से बांधकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता की चीख सुनकर मां जाग गई, लेकिन आरोपी उसे धक्का देकर फरार हो गया। मामले में धारा 4 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में कुल आठ गवाह पेश किए गए।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शनिवार 06 दिसंबर 2025
Www.vishalindia.in

## संक्षिप्त समाचार

### चिली: कक्षा के दौरान स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाला नवीनतम देश बना

**सैंटियागो, एजेंसी।** चिली ने प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में कक्षाओं के दौरान मोबाइल फोन और अन्य स्मार्ट उपकरणों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक पारित किया है। नया कानून अगले साल से लागू होगा, जिससे चिली युवा छात्रों के बीच स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाला नवीनतम देश बन जाएगा ताकि इसके हानिकारक प्रभावों को कम किया जा सके और कक्षा में ध्यान भटकने से बचा जा सके। स्कूलों में स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर विभिन्न स्तरों के प्रतिबंध लगाने वाले अन्य देशों में फ्रांस, ब्राजील, हंगरी, नीदरलैंड और चीन शामिल हैं। शिक्षा मंत्री निकोलस कैटाल्डो ने निर्णय के बाद सोशल मीडिया पर लिखा, 'हम बच्चों और किशोरों के लिए एक सांस्कृतिक परिवर्तन को आगे बढ़ा रहे हैं, जिन्हें आज पहले से कहीं अधिक एक-दूसरे के चेहरे देखने, अवकाश के दौरान सामाजिक मेलजोल बढ़ाने और सीखने को और अधिक बढ़ावा देने के लिए एकाग्रता हासिल करने की आवश्यकता है।'

### रूस के जेल में बंद एक अमेरिकी नागरिक ने की गार्डों की पिटाई, सजा बढ़ाई

**मास्को, एजेंसी।** रूस में पुलिस अधिकारी की पिटाई के दोषी पाए गए एक अमेरिकी की सजा बुधवार को बढ़ा दी गई, जब उसे जेल प्रहरियों पर हमला करने का दोषी पाया गया। रॉबर्ट गिलमैन, जिन्हें रूसी मीडिया में पूर्व अमेरिकी मरीन के रूप में पहचाना गया था, को शुरू में 2022 में 3-1/2 साल की सजा सुनाई गई थी, जब उन्हें एक पुलिस अधिकारी के साथ मारपीट करने का दोषी ठहराया गया था, जिसे ट्रेन से उतारकर गड़बड़ी पैदा करने के लिए दोषी ठहराया गया था। बाद में उन्हें एक सेल जांच के दौरान जेल निरीक्षक पर हमला करने, एक अन्वेषक की पिटाई करने और एक गार्ड पर हमला करने का दोषी ठहराया गया, और अक्टूबर 2024 में उन्हें आठ साल और एक महीने की सजा सुनाई गई। बुधवार को, दक्षिण-पश्चिमी रूस के वोरोनिश क्षेत्र की एक अदालत ने, जहां गिलमैन अपनी सजा काट रहा है, उसकी सजा को 10 वर्ष तक बढ़ा दिया, क्योंकि उसे दो जेल प्रहरियों की पिटाई का दोषी पाया गया था।

### ईयू की सब्सिडी में देरी को लेकर बढ़ते विवाद में ग्रीक किसानों ने सीमा पार करने के रास्ते बंद किए

**एथेंस, एजेंसी।** उत्तरी ग्रीस के किसानों ने भ्रष्टाचार घोटाले की जांच से जुड़े यूरोपीय संघ समर्थित सब्सिडी भुगतान में देरी के विरोध में बुधवार को सीमा चौकियों पर यातायात बाधित कर दिया। ट्रैक्टरों के काफिलों ने उत्तरी मैसेडोनिया, बुल्गारिया और तुर्की के मार्गों को अवरुद्ध कर दिया, जिससे चालकों को लंबा चक्कर लगाना पड़ा। सप्ताहांत में सैकड़ों किसान सड़कों पर उतर आए और कई इलाकों में ट्रैक्टरों से सड़कें जाम कर दीं। ग्रीस में किसानों द्वारा विरोध प्रदर्शन आम बात है, लेकिन नवीनतम अशांति यूरोपीय संघ के धन के लिए व्यापक धोखाधड़ी के दावों के खुलासे के बाद सब्सिडी भुगतान में देरी को लेकर भड़की। इस घोटाले के कारण जून में पांच वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को इस्तीफा देना पड़ा औप कृषि सब्सिडी से संबंधित कार्य करने वाली राज्य एजेंसी को चरणबद्ध तरीके से बंद करना पड़ा। यूरोपीय लोक अभियोजक कार्यालय द्वारा की गई एक जांच के जवाब में हाल के हफ्तों में ग्रीस भर में दर्जनों लोगों को कथित तौर पर झूठे दावे दायर करने के आरोप में गिरफ़्तार किया गया है।

### इस्राइली हमले में गाजा में दो बच्चों समेत पांच की मौत, आईडीएफ का दावा- हमास के ठिकाने को बनाया निशाना

**गाजा, एजेंसी।** इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम को करीब दो माह का समय बीतने वाला है, लेकिन अभी भी तनाव बना हुआ है और संघर्ष विराम के बाद भी कई बार दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमले के आरोप लगा चुके हैं। ताजा इस्राइली हमले में गाजा में दो बच्चों समेत पांच की मौत हो गई है। गाजा सिविल डिफेंस एजेंसी ने इसकी पुष्टि की है। वहीं इस्राइल का दावा है कि हमास के लड़ाकों ने उसके सैनिकों पर हमला किया, जिसमें उसके पांच सैनिक घायल हो गए। गाजा की सिविल डिफेंस एजेंसी ने बताया कि इस्राइली मिसाइल हमले में पांच नागरिकों की मौत हुई है, जिनमें दो बच्चे शामिल हैं। कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर है। यह हमला खान यूनिस के पश्चिम में स्थित अल मवासी में हुआ। एजेंसी ने बताया कि कुवैत के फील्ड अस्पताल के पास स्थित शरणार्थी कैंप में यह हमला हुआ। गाजा के एक अस्पताल ने भी हमले में पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है। मरने वालों में आठ और 10 साल के दो बच्चे भी शामिल हैं। अस्पताल ने बताया कि हमले में 32 लोग घायल हुए हैं। वहीं इस्राइली सेना ने बयान जारी कर कहा कि दक्षिणी गाजा में 'हमास के आतंकियों' ने उनके जवानों पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें पांच जवान घायल हो गए।

# अमेरिका में एफ-16 फाइटर जेट क्रैश जमीन से टकराते ही आग लगी

## कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित निकला



**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका में गुरुवार को यूएस एयरफोर्स का एक एफ-16 लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। हादसे से कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया, जिससे उसकी जान बच गई। हादसा लोकल टाइम के मुताबिक सुबह करीब 10:45 बजे दक्षिणी कैलिफोर्निया में ट्रॉना शहर के एक रेगिस्तान में हुआ। विमान ट्रॉना एयरपोर्ट से करीब तीन किलोमीटर दूर गिरा। एयरपोर्ट मैनेजर ने बताया कि इस इलाके में अक्सर मिलिट्री विमान उड़ते रहते हैं। सोशल मीडिया पर आए वीडियो में देखा गया कि विमान तेजी से नीचे गिर रहा था और पायलट पैराशूट के सहारे बाहर निकल आया। जमीन से टकराते ही विमान में बड़ा धमाका हुआ और काला धुआं आसमान में भर गया।

### एफ-16 की कीमत 1.70 हजार करोड़ रुपए

एयरफोर्स के 2021 के डेटा के मुताबिक एक एफ-16 फाइटिंग फाल्कन की कीमत लगभग 18.8 मिलियन डॉलर (करीब 1.70 हजार करोड़ रुपए) है। यह एयरक्राफ्ट थंडरबर्ड्स स्क्वाड्रन का था। यह टीम लास वेगास के पास नेलिस एयरफोर्स बेस से काम करती है और अपने एयर शो और खतरनाक स्टंट्स के लिए दुनियाभर में जानी जाती है। थंडरबर्ड्स टीम ने बताया कि ट्रेनिंग मिशन के दौरान पायलट विमान से सफलतापूर्वक बाहर निकल गया। पायलट को मामूली चोटें आईं और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। लोकल फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट ने बताया कि घटनास्थल पर सिर्फ पायलट मौजूद था और आग से आसपास के इलाके को कोई खतरा नहीं है।

### क्रैश का कारण अभी साफ नहीं

अधिकारियों के मुताबिक सुबह 6 थंडरबर्ड्स जेट ट्रेनिंग के लिए उड़े थे, लेकिन सिर्फ पांच ही लौटे। शुरुआती जानकारी के मुताबिक विमान चाइना लेक नेवल एयर वेपन्स स्टेशन के पास गिरा। यह रीजन मिलिट्री ट्रेनिंग के लिए अक्सर इस्तेमाल किया जाता है। थंडरबर्ड्स के एयर शो और ट्रेनिंग मिशन में एफ-16 फाइटिंग फाल्कन खास रोल निभाता है। एयरफोर्स की 57वीं विंग पब्लिक अफेयर्स ऑफिस के मुताबिक हादसे की जांच जारी है और क्रैश साइट की जांच पूरी होने के बाद और जानकारी शेयर की जाएगी।

### 25 से ज्यादा देश एफ-16 इस्तेमाल करते हैं

एफ-16 अमेरिका का मल्टी-रोल फाइटर जेट है, जिसे 1970 के दशक में जनरल डायनामिक्स ने बनाया था। अब इसे अमेरिकी डिफेंस कंपनी लॉकहीड मार्टिन बनाती है। पाकिस्तान समेत 25 से ज्यादा देश स्न-16 इस्तेमाल करते हैं। एफ-16 ने 2 फरवरी 1974 को पहली बार उड़ान भरी थी।

इसे 21 जुलाई 1980 को 'फाइटिंग फाल्कन' का नाम दिया गया था। साल 1976 से अब तक 4,600 से भी ज्यादा एफ-16 जेट अलग-अलग देशों के लिए बनाए जा चुके हैं। एफ-16 की स्पीड 2414 किलोमीटर प्रति घंटा है। इसकी रेंज 4220 किलोमीटर तक है। इसमें एडवांस रडार सिस्टम है। साथ ही ये एडवांस हथियार से लैस होता है। ये फाइटर जेट हवा से हवा में मारने में सक्षम है। ये एक मिनट में करीब 50 हजार फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। एफ-16 चौथी जनरेशन का लड़ाकू विमान है। ये खराब मौसम में भी उड़ान भर सकता है।

# अमेरिका में पाकिस्तानी मूल का व्यक्ति बंदूकों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार

## स्कूल पर हमले की रची थी साजिश



**डेलावेयर, एजेंसी।** पाकिस्तान के एक प्रवासी को कथित तौर पर बंदूकों, गोला-बारूद, शरीर के कवच (बॉडी आर्मर) के साथ गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक नोटबुक भी बरामद की गई है, जिसमें उसने स्कूल परिसर में सामूहिक गोलीबारी में 'सभी को मारने' और 'शहीद' होने की योजना बनाई थी। गिरफ्तार व्यक्ति डेलावेयर विश्वविद्यालय का पूर्व छात्र है। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, व्यक्ति की पहचान लुकमान खान (25 वर्षीय) के रूप में हुई। उसे 24 नवंबर की रात गिरफ्तार किया गया। पुलिस को वह एक पार्क में उसके ट्रक पर मिला और उसके व्यवहार पर शक होने के बाद वाहन की तलाशी ली। ट्रक में एक ग्लॉक पिस्तौल, 27-राउंड गोलियों के मैगजीन और बॉडी आर्मर की प्लेटें बरामद हुईं। पिस्तौल को ऐसे किट में रखा गया था, जिसे जोड़कर उसे सेमी-ऑटोमैटिक राइफल बनाया जा सकता था। हथियारों के साथ पुलिस को एक नोटबुक भी मिली, जिसमें हाथ से जानकारी लिखी गई थी। इसमें लिखा गया था कि वह अपने पुराने स्कूल परिसर में हथियारों का इस्तेमाल करके गोलीबारी कैसे करेगा।

**नोटबुक में था मुख्यालय का नक्शा :** रिपोर्ट के मुताबिक, नोटबुक में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन (मुख्यालय) का नक्शा भी था, जिसमें प्रवेश और निकासी के रास्ते चिह्नित किए गए थे। इसमें 'सभी को मारो,' 'शहीद' जैसे शब्द लिखे थे और बताया गया था कि गोलीबारी के बाद पुलिस से कैसे बचा जाए। पुलिस ने कहा कि यह पूरी योजना पहले से बनाई गई थी और इसमें साफ तौर पर युद्ध जैसे तरीकों का इस्तेमाल किया जाना था। हालांकि, हमले की साजिश के पीछे कारण स्पष्ट नहीं हैं। लुकमान ने गिरफ्तारी के बाद पुलिस को बताया कि शहीद होना 'सबसे महान चीजों में से एक है'।

**पाकिस्तान में हुआ था लुकमान का जन्म :** न्यू कैसल काउंटी पुलिस ने न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया, पाकिस्तान में जन्मा लुकमान खान बचपन से ही अमेरिका में रह रहा था और अमेरिकी नागरिक है। खान पर मशीन गन अवैध रूप से रखने का आरोप लगाया गया है और एफबीआई की जांच जारी है। पड़ोसियों ने जांचकर्ताओं को बताया कि पहले खान मिलनसार बनकर था। लेकिन पिछले कुछ महीनों से वह लोगों से अलग-थलग रहने लगा था।

# पद संभालने के 22 दिन बाद ही मधेश प्रदेश के सीएम सरोज का इस्तीफा, विश्वास मत से पहले छोड़नी पड़ी कुर्सी

**काठमांडो, एजेंसी।** नेपाल के मधेश प्रदेश में जारी सत्ता संकट मंगलवार को एक नए मोड़ पर पहुंच गया। पद संभालने के 22 दिन बाद ही मुख्यमंत्री सरोज कुमार यादव को इस्तीफा देना पड़ा। विश्वास मत हासिल करने के लिए उनके पास संख्या बल कम पड़ गया था। सुप्रीम कोर्ट ने सरोज यादव को प्रदेश सभा का विश्वास मत हासिल करने का निर्देश दिया था। विश्वास मत हासिल होने की संभावना बेहद कम दिखने के बाद यादव ने प्रदेश सभा की बैठक में ही अपना इस्तीफा पेश कर दिया। विपक्षी दलों की अनुपस्थिति ने शक्ति परीक्षण को असंभव बना दिया था। बैठक में केवल नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के विधायक मौजूद थे। सरकार में शामिल राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी की मंत्री कंचन बिच्छा व नेपाल संघीय समाजवादी पार्टी की मंत्री बिमला अंसारी भी उपस्थित थे।



### विवाद के बाद हटाए गए थे प्रदेश प्रभारी

सरोज यादव को पूर्व प्रदेश प्रमुख सुमित्रा सुवेदी भंडारी ने संविधान के अनुच्छेद 168 (3) के तहत सबसे बड़े दल के नेता के रूप में मुख्यमंत्री नियुक्त किया था। बर्दिबास के होटल पानस कॉटेज में तड़के हुई यह नियुक्ति शुरू से विवादों में रही। विवाद के चलते संघीय सरकार ने प्रदेश प्रमुख भंडारी को पदमुक्त कर जनकपुर के सुरेंद्र लाभ कर्ण को नया प्रदेश प्रमुख नियुक्त करने की सिफारिश की थी।

### विश्वास मत पर उठाए सवाल

अपने इस्तीफे से पहले सरोज यादव ने आरोप लगाया कि उनकी नियुक्ति बाध्य स्थिति में की गई थी, इसलिए विश्वास मत का सवाल ही नहीं उठता है। उन्होंने कहा, सरकार में रहते हमने जनता का काम किया। मेरी प्रतिबद्धता कुर्सी से नहीं विधानसभा के सदस्यों से है। लेकिन वे स्वयं ही सदन छोड़कर बाहर चले गए।

# मुझे लगता है कि हमें उत्तर कोरिया से माफी मांगनी चाहिए लेकिन... फिर रुक गए साउथ कोरिया के राष्ट्रपति?



**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने बुधवार को कहा कि वह पिछली सरकार द्वारा उत्तर कोरिया में सरकार के खिलाफ पर्चे बांटने के लिए ड्रोन भेजने के आरोप पर उत्तर कोरिया से माफी मांगना चाहते हैं, हालांकि मौजूदा घरेलू राजनीतिक माहौल में ऐसा करना मुश्किल है। ली ने चेओंग वा डे में विदेशी संवाददाताओं के साथ विशेष बातचीत में यह बात कही। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह इस कार्रवाई के लिए राज्य स्तर पर माफी जारी करने के बारे में सोच रहे हैं ताकि कोरिया के बीच तनाव कम करने में मदद मिल सके, तो ली ने कहा कि आप मेरा मन पढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ, मुझे लगता है कि हमें माफी मांगनी चाहिए, लेकिन दूसरी तरफ मुझे चिंता है कि (माफी) राजनीतिक और विचारधारा के टकराव का मुद्दा बन सकता है, जहां सरकार को उत्तर कोरिया का समर्थक कहा जाएगा। ली का यह बयान ड्रोन मामले में एक विशेष जांच के बीच आया है। ली से पहले के राष्ट्रपति यून सुक येओल और सेना में उनके कुछ करीबी साथियों ने कथित तौर पर अक्टूबर 2024 में प्योंगयांग में उत्तर कोरिया के लीडर किम जोंग-उन की बुराई करने वाले पर्चे ले जाने वाले ड्रोन तैनात करने का ऑर्डर दिया था, ताकि उत्तर कोरिया को जवाबी कार्रवाई के लिए उकसाया जा सके और इसे मार्शल लॉ लगाने के बहाने के तौर पर इस्तेमाल किया जा सके।ली ने अंतर-कोरियाई संबंधों पर कहा कि ये इतने बंद हैं कि एक सुई के बराबर जगह भी नहीं बची है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बातचीत के रास्ते फिर से खोलने के लिये सियोल के एकतरफ़ा विश्वास-निर्माण उपाय जरूरी हो सकते हैं। राष्ट्रपति ने दक्षिण कोरिया-अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे पर समझौता करने की इच्छा का भी संकेत दिया। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका-उत्तर कोरिया की बातचीत को फिर से शुरू करने के लिये ज़रूरी हुआ तो वह इन सैन्य अभ्यासों को कम करने के लिये भी तैयार हैं। ली ने इस बात पर जोर दिया कि उत्तर कोरिया के फैसले लेने की प्रक्रिया पर अमेरिका का ज्यादा असर है।

### अफगानिस्तान : 13 लोगों के हत्यारे को मारी गई गोली

**खोस्त, एजेंसी।** अफगानिस्तान के खोस्त शहर में तालिबान प्राधिकारियों ने एक ही परिवार के 13 लोगों की हत्या में सजा पा चुके एक व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से मौत की सजा दिलवाई। पीड़ित परिवार के ही एक व्यक्ति ने सबके सामने दोषी को गोली मारकर मौत के घाट सुला दिया। तालिबान के शासन में सार्वजनिक तौर पर दी गई मौत की सजा का यह 11वां मामला है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से मौत की सजा सुनाए जाने के बाद मंगलवार को दोषी व्यक्ति को मृत्युदंड दिया गया। खोस्त के स्पोर्ट्स स्टेडियम में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए थे, जिनमें पीड़ित के परिजन भी शामिल थे। एक अपील कोर्ट और खुद टॉप कोर्ट की तरफ से मौत की सजा सुनाए जाने और सुप्रीम लीडर हिबतुल्लाह अखुंदजादा की मंजूरी के बाद मृत्युदंड का निर्देश दिया गया।

# इस्लाम महिलाओं को आजादी के साथ जीने का अवसर देता है: खामेनेई



**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई ने देश महिलाओं के लिए लागू सख्त ड्रेस कोड का पुरजोर समर्थन करते हुए इसे जायज ठहराया है। इस दौरान खामेनेई ने पश्चिमी देशों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पश्चिमी संस्कृति को महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने का जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा है कि इस्लाम महिलाओं को आजादी के साथ जीने का अवसर देता है, वहीं पश्चिमी देशों में औरतों को महज भोग की वस्तु समझा जाता है। इससे पहले हाल ही में ईरान की संसद के आधे से अधिक सदस्यों ने न्यायपालिका पर हिजाब कानून को लागू करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। एक दिन बाद अयातुल्लाह अली खामेनेई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स इससे जुड़े कई पोस्ट किए। खामेनेई ने यह बताने की कोशिश की है कि अनिवार्य हिजाब कानून और ड्रेस-कोड नैतिक रूप से पश्चिम से बेहतर है।

### पश्चिमी संस्कृति पर हमला

खामेनेई ने हिजाब कानून के समर्थन में तर्क देते हुए कहा कि किसी भी समाज का पहला दायित्व है कि वह सामाजिक व्यवहार और परिवार के भीतर न्याय सुनिश्चित करे।

उन्होंने कहा कि इसीलिए सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे एक महिला की सुरक्षा, गरिमा और सम्मान की रक्षा करें। खामेनेई ने दावा किया कि पश्चिमी पूंजीवादी व्यवस्था महिलाओं को वस्तु में बदल देती हैं और उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं। उन्होंने लिखा, 'पूंजीवादी तर्क महिलाओं की गरिमा को रौंद डालता है और नष्ट कर देता है।' अयातुल्लाह खामेनेई ने आगे कहा कि पश्चिम में, महिलाओं का उपयोग भौतिक शोषण के लिए किया जाता है और उन्हें अक्सर समान काम के लिए पुरुषों की तुलना में कम भुगतान किया जाता है। खामेनेई के मुताबिक इस्लाम में महिलाओं के पास आजादी, आगे बढ़ने और प्रगति करने की क्षमता और एक पहचान बनाने का मौका है, जो पूंजीवादी समाजों में नहीं है।

### महिलाएं फूलों की तरह...

खामेनेई ने इस्लामी ग्रंथों और हदीसों का हवाला देते हुए कहा कि महिलाएं घर में एक फूल की तरह हैं, जिन्हें घरेलू मजदूरी की तरह माने जाने के बजाय देखभाल और सम्मान की जरूरत है उन्होंने लिखा, 'एक महिला सेविका नहीं है। उनकी फूल की देखभाल और रक्षा की जानी चाहिए और वह अपने रंग, खुशबू और गुणों से आपको समृद्ध करेगी।'

# पाकिस्तान बेचेगा सरकारी एयरलाइंस, 'इज्जत नीलामी' में बोली लगाएगी आसिम मुनीर की फौजी कंपनी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** कर्ज के बोझ और आईएमएफ की सख्त शर्तों से जकड़ा कंगाल पाकिस्तान अब अपनी राष्ट्रीय एयरलाइन पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) को बेचने जा रहा है। प्री-क्वालिफाइड चार बोलियों में फौजी फर्टिलाइजर कंपनी लिमिटेड भी शामिल है, जो पाकिस्तानी सेना के नियंत्रित फौजी फाउंडेशन का हिस्सा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से जारी बयान में कहा गया है कि पीआईए की बोली 23 दिसंबर 2025 को होगी और इसका सभी मीडिया चैनलों पर लाइव प्रसारण किया जाएगा। डॉन अखबार के मुताबिक, पीआईए में 51 से 100 प्रतिशत तक हिस्सेदारी का विनिवेश आईमएफ के 7 अरब डॉलर के नए बेलआउट पैकेज की प्रमुख शर्तों में से एक है।



जियो टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, निजीकरण मंत्री मुहम्मद अली ने पिछले महीने रॉयटर्स को बताया था कि इस साल निजीकरण से 86 अरब रुपये की कमाई का लक्ष्य रखा गया है। पीआईए की अंतिम बोली में कुल आय का सिर्फ 15 प्रतिशत हिस्सा सरकार को मिलेगा, बाकी खरीदार कंपनी के पास रहेगा। डॉन के अनुसार, पीआईए का विनिवेश पिछले दो दशकों में पाकिस्तान का पहला बड़ा निजीकरण कदम होगा।

बिक्री के लिए चार बोलियों को प्री-क्वालिफाइड किया गया है...लकी सीमेंट कंसोर्टियम, आरिफ हबीब कॉर्पोरेशन कंसोर्टियम, फौजी फर्टिलाइजर कंपनी लिमिटेड, एयर ब्लू लिमिटेड। बता दें कि फौजी फर्टिलाइजर, फौजी फाउंडेशन का हिस्सा है, जो आज पाकिस्तान का सबसे बड़ा कॉर्पोरेट साम्राज्य बन चुका है। उस देश में जहां सेना का हर क्षेत्र में दखल है, मौजूदा सबसे ताकतवर शख्सियत आर्मी चीफ जनरल असिम मुनीर फौजी फाउंडेशन के सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में सीधे तौर पर शामिल नहीं हैं, लेकिन वे क्वार्टरमास्टर जनरल की नियुक्ति करते हैं, जो फाउंडेशन के बोर्ड का अहम सदस्य होता है। इस तरह जनरल मुनीर संस्थागत नियंत्रण के जरिए फौजी फाउंडेशन पर अप्रत्यक्ष मगर पूरा प्रभाव रखते हैं। पीआईए का विनिवेश पाकिस्तान के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि वह कर्ज चुकाने के लिए नया कर्ज लेता रहता है। 2023 में वर्षों की वित्तीय कुप्रबंधन की वजह से वह डिफॉल्ट के मुहाने पर खड़ा था।

उसका सबसे बड़ा खर्च रक्षा बलों पर होता है। आईएमएफ का 7 अरब डॉलर का नया प्रोग्राम सितंबर 2024 में मंजूर हुआ था, इसमें 1 अरब डॉलर तुरंत मिला, बाकी राशि तीन साल में मिलनी है। अपनी लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था के साथ पाकिस्तान आज आईएमएफ का पांचवां सबसे बड़ा कर्जदार देश है और 1958 से अब तक उसने आईएमएफ से 20 से ज्यादा बार कर्ज लिया है।

गौरतलब है कि पीआईए कई सालों से गहरे वित्तीय संकट में है। 2023 में नवंबर महीने के 7000 कर्मचारियों को वेतन तक नहीं मिला था। उससे पहले 2020 में यूरोपीय संघ ने सुरक्षा मानकों में खामियों की वजह से पीआईए की उड़ानों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया था।

# विदेश मंत्री रूबियो बोले- अधिक क्षेत्रों पर नियंत्रण चाहता है इस्लामी कट्टरपंथ, अमेरिका के लिए तत्काल खतरा



**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बुधवार को चेतावनी दी कि इस्लामी कट्टरपंथ का मकसद अधिक क्षेत्र और लोगों पर नियंत्रण पाना' है। उन्होंने कहा कि यह दुनिया के लिए 'तत्काल खतरा' है। उन्होंने कहा कि अमेरिका उन लोगों के लिए वीजा पर प्रतिबंध लगाएगा, जो नाइजीरिया और दुनियाभर के ईसाइयों के खिलाफ हिंसा को समर्थन या वित्तीय मदद देते हैं।

**'अधिक क्षेत्र पर नियंत्रण चाहता है इस्लामी कट्टरपंथ' :** रूबियो ने फॉक्स न्यूज को साझात्कार दिया। इसमें उन्होंने कहा कि अमेरिका को सबसे बड़ा खतरा इस्लामी कट्टरपंथ से हैं। उनके मुताबिक, ये लोग अमेरिका को धरती पर बुराई का सबसे बड़ा स्रोत मानते हैं। उन्होंने आगे कहा, कट्टरपंथी इस्लाम दिखा चुका है कि उनकी इच्छा केवल दुनिया के एक हिस्से पर कब्जा करके अपनी छोटी सी खिलाफत से खुश रहना नहीं है, वह विस्तार करना चाहता है। यह उनकी प्रकृति में क्रांतिकारी कदम है। वह विस्तार चाहता है और ज्यादा क्षेत्रों व लोगों पर नियंत्रण चाहता है।

**'इस्लामी कट्टरपंथ दुनिया और पश्चिम के लिए तत्काल खतरा' :** अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, यह दुनिया और पश्चिम के लिए, खासतौर पर अमेरिका के लिए एक स्पष्ट और तत्काल खतरा है। कट्टरपंथी आतंकवाद, हत्या और जानलेवा हमलों के लिए तैयार रहते हैं, ताकि विभिन्न संस्कृतियों और समाजों पर अपना दबदबा बना सकें। उन्होंने कहा कि कट्टरपंथी इस्लाम का लक्ष्य पश्चिम, अमेरिका और यूरोप हैं। रूबियो ने कहा, इस्लामी कट्टरपंथ का उद्देश्य खुलेआम पश्चिम, अमेरिका और यूरोप पर प्रभुत्व जमाना है। हमने इसमे प्रगति भी देखी है। वे आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देनेके लिए तैयार हैं। ईरान के मामले में, यह राज्य आधारित कार्रवाई, हत्याएं, जैसी चीजें हो सकती हैं। उन्होंने कहा, अपना प्रभाव बढ़ाने और आखिरकार विभिन्न संस्कृतियों व समाजों पर अपना प्रभुत्व बनाने के लिए उन्हें जो भी करना पड़े, वे करेंगे।

**ईसाइयों को निशाना बनाने वालों को नहीं देंगे वीजा :** इसके अलावा, रूबियो ने घोषणा की कि अमेरिका उन लोगों के लिए वीजा पर रोक लगाएगा, जो जानबूझकर ईसाइयों के खिलाफ हिंसा और अत्याचार को समर्थन या वित्तीय मदद देते हैं। उन्होंने कहा कि यह नीति नाइजीरिया और अन्य देशों या व्यक्तियों पर लागू होगी, जो धार्मिक विश्वास के कारण लोगों को परेशान करते हैं। इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि अमेरिका नाइजीरिया के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कर सकता है, क्योंकि वहां के ईसाइयों को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। उनके इस बयान का अमेरिका में कई दक्षिणपंथियों और ईसाई धर्मावलंबियों ने समर्थन किया था। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने एक दिन पहले नाइजीरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नूहू रिबादु और उनकी टीम से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि उनकी बातचीत में 'देश में ईसाइयों के खिलाफ भयावह हिंसा' पर फोकस किया गया।

### अल्जीरियाई कोर्ट ने फ्रेंच पत्रकार क्रिस्टोफ ग्लेज की 7 साल की सजा बरकरार रखी

**अल्जीयर्स, एजेंसी।** अल्जीरिया की एक अपील कोर्ट ने बुधवार को एक फ्रेंच स्पोर्ट्स राइटर की सात साल की जेल की सजा बरकरार रखी, जिसे 'आतंकवाद का महिमामंडन' करने का दोषी पाया गया था, जिससे उसकी जल्दी रिहाई की उम्मीदें खत्म हो गईं। क्रिस्टोफ़ ग्लीजेस को छह महीने पहले एक फुटबॉल अधिकारी के साथ इंटरव्यू के लिए सज़ा सुनाई गई थी, जिस पर एक बैन अलगाववादी आंदोलन से संबंध होने का आरोप था। उन्हें अल्जीरिया के आतंकवाद-रोधी कानूनों का उल्लंघन करने और प्रोपेगैंडा के लिए पब्लिकेशन रखने का दोषी पाया गया था, इस मामले की राइट्स ग्रुप्स और फ्रेंच मीडिया ने कड़ी आलोचना की थी।

# भारत और दक्षिण अफ्रीका तीसरे एकदिवसीय में आज होंगे आमने-सामने

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले तीसरे एकदिवसीय को जीतकर सीरीज अपने नाम करना चाहेगी। अभी तक ये सीरीज एक-एक से बराबरी पर है। भारतीय टीम ने पहला जबकि दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा मैच जीता था। भारतीय टीम को इस मैच में भी विराट कोहली और रोहित शर्मा से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। विराट ने पहले दोनो एकदिवसीय में शतक लगाये थे जबकि रोहित ने पहले एकदिवसीय में अर्धशतकीय पारी खेली थी। भारतीय टीम दूसरे एकदिवसीय में 359 रन बनाने के बाद भी हार गयी थी। ऐसे में उसके गेंदबाजों को इस बार बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम को टॉस हारने से भी नुकसान हुआ ऐसे में टीम की कप्तानी कर के एल राहुल उम्मीद करेंगे कि वह टॉज जीत जायें। मैच के पहले पिच और मौसम की भी अहम भूमिका होगी । विशाखापत्तनम का मौसम खेल के लिए उपयुक्त होगा जबकि पिच बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए सहायक होगी। यहां पर 300 से अधिक का लक्ष्य अच्छा माना जाएगा। भारत वाशिंगटन सुंदर को विश्राम देकर उनकी जगह तिलक वर्मा को मध्यक्रम की बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए अंतिम एकादश में शामिल करने पर भी गंभीरता से विचार करेगा। ऋषभ पंत भी एक विकल्प हो सकते हैं लेकिन तिलक स्पिन गेंदबाजी भी कर लेते हैं और वह बेहतरीन क्षेत्ररक्षक के भी हैं। भारतीय गेंदबाज भी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। अब भारत को उम्मीद होगी कि उनके युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा अच्छा प्रदर्शन करेंगे और प्रभावशाली अर्शदीप सिंह का पूरा साथ देंगे।

वहीं दूसरी और टेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली दक्षिण अफ्रीका टीम भी जीत के लिए कोई कसर नहीं रखेगी । टीम ने दूसरे एकदिवसीय में 359 रनों का रिकार्ड लक्ष्य हासिल किया था। दक्षिण अफीकी के एडेन मार्क्रम, कॉर्बिन बॉश, क्विंटन डी कॉक जैसे बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी की कमान लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन, स्पिनर केशव महाराज के पास रहेगी।




विशाखापत्तनम की पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी मानी जाती है। यह एक ऐसी सहत है जिसपर खिलाड़ी खुलकर शॉट खेल सकते हैं। हालांकि, गेंदबाजों को भी यहां उछाल मिलता है। बल्लेबाज यहां लंबी पारियां खेल सकते हैं

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** = केएल राहुल (कप्तान/विकेट कीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

**दक्षिण अफ्रीका** = टेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, क्विंटन डी कॉक, टोनी डी जॉर्जी, रुबिन हरमन, केशव महाराज, मार्को यानसन, एडेन मार्क्रम, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेलटन, प्रेनेलन सुब्रायन।

# शेफाली वर्मा आईसीसी की महीने की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में, इन प्लेयर्स से मिलेगी चुनौती



**दुबई (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में 87 रन की तेजतर्रार पारी खेलने और दो महत्वपूर्ण विकेट लेने वाली भारतीय क्रिकेटर शेफाली वर्मा को नवंबर महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है।

सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के चोटिल हो जाने के कारण शेफाली को भारतीय टीम में जगह मिली थी। उन्हें फाइनल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था और अब वह महिलाओं के पुरस्कार के लिए नामांकित की गई तीन खिलाड़ियों में शामिल हैं।

महिला वर्ग का पुरस्कार हासिल करने के लिए उन्हें संयुक्त अरब अमीरात की ईशा ओझा और थाईलैंड की थिपाचा पुथावोंग की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इन दोनों ने बैंकॉक में पहली आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था।

यूएई की कप्तान ओझा ने सात टी-20 मैचों में 137.50 की स्ट्राइक रेट से 187 रन बनाए और सात विकेट लिए। उन्हें टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया था। पुथावोंग 15 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज रही। उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ फाइनल में चार विकेट लेकर थाईलैंड को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# विराट तीसरे एकदिवसीय में भी शतक लगाएंगे : इरफान पठान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के पहले दोनो मैचों में शतक लगाये हैं। ऐसे में अब उम्मीद की जा रही है कि वह शनिवार को विशाखापट्टनम में होने वाले तीसरे एकदिवसीय में भी शतक लगायेंगे। इसी को लेकर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने उम्मीद जतायी है कि कोहली तीसरे एकदिवसीय में भी शतक लगाएंगे। कोहली ने पहले भी एक बार लगातार तीन शतक लगाये हैं। उन्होंने यह उपलब्धि साल 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ हासिल की थी।

पठान ने कहा, कोहली दो शतक लगा चुके हैं। अब उनके तीसरे मैच में भी शतक की उम्मीद है। ऐसा करना कोई आसान बात नहीं है। हैट्रिक बहुत कठिन काम है हालांकि विराट ये काम कर सकते हैं। वह शानदार फॉर्म में हैं। वह रनों के बहुत भूखे हैं। एक समय था जब कोहली अपने कंधों पर टेस्ट क्रिकेट का पूरा भार को लेकर चल रहे थे। वहीं अब वह एकदिवसीय क्रिकेट को अपने कंधों पर लेकर चल रहे हैं। एकदिवसीय में इससे भीड़ उमड़ती जा रही है। टी20 ने पिछले कुछ सयम में हालात बदल दिये थे। और सभी टी20 में ही कमेंटी तक कहना चाहते थे। उनका कहना था कि एकदिवसीय क्रिकेट बहुत लंबा हो जाता है। प्रशंसकों को भी लंबे समय तब बैठना पड़ा है

वहीं पिछले दो मैचों में काफी आनंद आया और समय का पता ही नहीं चला। स्टेडियम भरा हुआ था और काफी लोग देखने आ रहे थे। कोहली और रोहित शर्मा के लिए लोगों में जबरदस्त दीवानगी रही। लोग अच्छा क्रिकेट देखने आ रहे हैं। इसी वजह से कोहली पर अच्छे प्रदर्शन की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। इसी कारण उम्मीद है कि वह वह तीसरे मैच में भी शतक लगाएं। उन्होंने दो मैचों में अलग योजनाओं के साथ उतरकर शतकीय पारियां खेलीं। इसका कारण है कि वह हालात के अनुसार खेलने में माहिर हैं।।

# स्टेन का बड़ा बयानः ‘टॉप ऑर्डर में खेलते तो केएल राहुल बन जाते ‘शतक मशीन’, टीम की जरूरत समझ निभा रहे भूमिका’




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केएल राहुल ऐसे बल्लेबाज़ हैं जिसने पिछले दो मुकाबलों में भारत की पारी को निचले क्रम से संभाला है। राहुल के लगातार नाबाद अर्धशतकों ने न सिर्फ टीम को मजबूती दी, बल्कि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज़ गेंदबाज डेल स्टेन तक को प्रभावित कर दिया हैं। गौरतलब है कि मौजूद जानकारी के अनुसार राहुल अब स्थायी रूप से 5 या 6 नंबर पर खेलते हैं और वहीं से मैच का मोमेंटम बदलने की क्षमता रखते हैं।

स्टेन ने स्टार स्पोर्ट्स पर बातचीत में कहा कि राहुल कम गेंदों में भी बिल्कुल सही समय पर स्ट्राइक रोटेट करना और अंत में तेज़ी से रन बनाना जानते हैं। बता दें कि रांची में उन्होंने 60 रन बनाए थे और इसके बाद रायपुर में केवल 43 गेंदों पर 66 रन की तेज़ पारी खेली, जिस दौरान उन्होंने डेथ ओवर्स में सटीक शॉट से रन गति को ऊंचा रखा हैं। स्टेन ने यह भी कहा कि यदि राहुल ओपनिंग या नंबर 3 पर बल्लेबाज़ी करते, तो वे और अधिक शतक बना सकते थे, लेकिन टीम की ज़रूरत समझकर अपना रोल निभाना उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

हालांकि रायपुर में भारत 358 रन बनाने के बावजूद मैच हार गया, लेकिन राहुल की पारी को नजरअंदाज नहीं किया जा सका। विराट कोहली और ऋतुराज गायकवाड़ की शतकीय पारियों के बीच भी राहुल का असर स्पष्ट दिखाई दिया है। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एडेन मार्करम के 110 रन की बदौलत यह ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल किया गया, जिसके बाद अब सीरीज़ 1-1 की बराबरी पर पहुंच चुकी है।

अब विशाखापट्टनम में 6 दिसंबर को निर्णायक मुकाबला खेला जाना है, जहां उम्मीद की जा रही है कि राहुल एक बार फिर अपने शांत, संयमित और तेज़ फिनिशिंग अंदाज़ से अहम भूमिका निभाते नज़र आएंगे।

# 531 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने बनाये 212/4

क्राइस्टचर्च (एजेंसी)। शाई होप और जस्टिन ग्रिव्स की अच्छी बल्लेबाजी से वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे दिन अपनी दूसरी पारी में 4 विकेट पर 212 रन बना लिए थे। अब उसे जीत के लिए अंतिम दिन 319 रन और बनाने हैं। वेस्टइंडीज को इस मैच में जीत के लिए 531 रन का बड़ा लक्ष्य मिला है। लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं। टीम ने 72 रनों के अंदर ही अपने शीर्ष चार बल्लेबाजों को खो दिया पर इसके बाद होप और ग्रिव्स ने अच्छी बल्लेबाजी कर पारी संभाली। होप और ग्रिव्स ने पांचवें विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी बनायी। होप ने इस दौरान 183 गेंद पर 1 छक्के और 15 चौकों की सहायता से 116 रन बनाये। वहीं ग्रिव्स 143 गेंद पर 6 चौकों की सहायत से 55 रन बनाकर खेल रहे हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ने कप्तान टॉम लैथम के 145 और रचिन रवींद्र के 176 रनों की सहायता से अपनी दूसरी पारी में 8 विकेट पर 466 रन बनाये। वहीं वेस्टइंडीज की ओर से केमार रोच ने 5, ओजे शिल्ड्स ने 2 और जायडन सिल्स ने 1 विकेट लिया। पहली पारी में मिली 64 रन की बढ़त के आधार पर न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को जीत के लिए 531 रन का लक्ष्य दिया। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 231 रन बनाये। वहीं वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में 167 रन बनाये थे।

# लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए अभ्यास में लगी है दीपिका

नई दिल्ली। देश की शीर्ष महिला तीरंदाज तीरंदाज दीपिका कुमारी ने कहा है कि उनका लक्ष्य आगामी लॉस एंजिल्स ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करना है। दीपिका ने कहा कि वह इसी को देखते हुए दबाव वाले हालातों से निपटने के लिए मानसिक मजबूती बढ़ाने पर ध्यान दे रही हैं। चार बार की ओलंपियन दीपिका के अनुसार लॉस एंजिलिस ओलंपिक में उनके लिए पदक जीतने का अंतिम अवसर होगा। ऐसे में वह अपनी ओर से कोई कमी नहीं रखेंगी। इसी वह इस बार नहीं तो अभी नहीं की मानसिकता के साथ उतरेंगी। दीपिका ने कहा कि अभी निकट भविष्य में उनका संन्यास का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है अब तक की सभी प्रतियोगिताओं से मुझे अच्छा अनुभव मिला है। दीपिका ने बताया कि उनकी वर्तमान ट्रेनिंग में मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं को बेहतर करने पर काम हो रहा है। इस तीरंदाज ने कहा, ‘मैं अपने खेल के मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं पर काम कर रही हूं और यह प्रीमियर लीग मुझे और बेहतर बनाने में मदद कर रही है। दर्शकों के सामने खेलने से दबाव तो आता है, लेकिन यही दबाव खिलाड़ियों को बेहतर बनाने में मदद करता है। उन्होंने कहा, ‘मैं हर तकनीक में महारत हासिल करने की कोशिश कर रही हूं, जिससे दबाव में भी अच्छा प्रदर्शन किया जा सके।



# सिराज को टीम से बाहर रखे जाने पर आकाश चोपड़ा ने सवाल उठाये

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटार आकाश चोपड़ा ने कहा है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को एक ही प्रारुप पर सीमित रखना सही नहीं है। चोपड़ा के अनसार उन्हें एकदिवसीय प्रारुप में भी रखा जाना चाहिये। उनकी कमी टीम को खल रही है। भारतीय टीम की गेंदबाजी एकदिवसीय सीरीज में उम्मीद के अनुसार नहीं रही है। टीम दूसरे एकदिवसीय में 359 रनों के भी लक्ष्य का बचाव नहीं कर पायी। इसी को देखते हुए चोपड़ा ने सिराज को सिर्फ टेस्ट में ही उतरने पर सवाल उठाये हैं उन्होंने कहा कि उन्हें ये बिल्कुल समझ में नहीं आ रहा। सिराज को एक ही प्रारुप का खिलाड़ी क्यों बनाया जा रहा है। चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर कहा, ‘ये सिराज के साथ क्या हो रहा है, ये आपको समझ में आ रहा है? मेरी समझ में तो बिल्कुल नहीं आ रहा है। मुझे ये बिल्कुल भी समझ नहीं आ रहा कि वह एक प्रारुप का खिलाड़ी कैसे बन गया हैं। वैसे ये हुआ कब? क्योंकि जब वह टेस्ट क्रिकेट खेलता है तो हम सब उनकी तारीफ करते हैं। हम उसके जज्बे और जुनून की तारीफ करते है!’ उन्होंने साथ ही कहा, ‘वह विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं पर अचानक ही एकदिवसीय टीम से क्यों बाहर रखे गये हैं ये समझ से परे है? इस समय वह घरेलू क्रिकेट खेल रहा है पर एकदिवसीय का हिस्सा नहीं हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में भी उसे शामिल नहीं किया गया था हालांकि उसने एकदिवसीय प्रारुप में भी काफी विकेट लिए हैं। ये हैरानी की बात है कि अन्य सभी खेल रहे हैं पर सिराज को अवसर नहीं मिला है, इसके पीछे क्या कहानी है ये मुझे समझ नहीं आई है। सिराज ने अब तक 47 एकदिवसीय मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम 73 विकेट हैं। एकदिवसीय में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 21 रन देकर 6 विकेट हैं। उन्होंने अब तक केवल 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम 14 विकेट दर्ज हैं। वहीं 45 टेस्ट में उनके नाम 139 विकेट दर्ज हैं।



# 2027 विश्वकप तक अपना करियर बढ़ा सकते हैं विराट और रोहित : साउदी

**शारजाह (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज टिम साउदी ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि ये दोनो ही फिट हैं और 2027 विश्वकप तक खेल सकते है। साउदी के अनुसार उम्र इनके लिए बाधा नहीं बन सकती क्योंकि दोनो ही लय में हैं और रन बना रहे हैं। साथ ही कहा कि अगर दोनो इसी प्रकार खेलते रहे तो अपने करियर को विश्वकप तक खींच सकते हैं। दोनो ने ही टी20 और टेस्ट प्रारुप से संन्यास ले लिया है और अब एकदिवसीय पर ही ध्यान दे रहे हैं। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातकर दो मैचों में शतक लगाये हैं जबकि वहीं रोहित ने भी पिछले तीन मैचों में एक शतक और एक अर्धशतक के साथ ही दिखाया है कि उनमें अभी काफी क्रिकेट शेष है।




साउदी ने आईएलटी20 के चौथे सत्र के अवसर पर कहा, ‘कोहली शायद अब तक के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय बल्लेबाज हैं और अगर वह 37 साल की उम्र में भी प्रदर्शन कर रहे हैं तो क्यों नहीं।’ उन्होंने कहा, ‘37 के रोहित ने भी हाल में ऑस्ट्रेलिया में शतक लगाया था तो वे दोनों अब भी प्रदर्शन कर रहे हैं। जब तक वे टीम के लिए योगदान दे रहे हैं, जहां तक मेरा माना है कि उम्र केवल एक संख्या है।’ 2027 विश्व कप में दोनों बल्लेबाज लगभग 39 साल के होंगे इसलिए उनके भविष्य को लेकर चर्चा लगातार जारी है।

साउदी ने कहा, ‘ये उनका फैसला है। अगर उन्हें लगता है कि वे अब भी उच्चतम स्तर पर खेल सकते हैं तो क्यों नहीं।’ उन्होंने कहा, ‘जैसा मैंने कहा कि आपके पास विराट कोहली हैं जो शायद अब तक के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय बल्लेबाज हैं और अगर वह विश्व कप के लिए उपलब्ध हैं तो मुझे लगता है कि टीम उन्हें खेलते देखना चाहेगी।’

भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 25 वर्षों में पहली बार अपने घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान भी टीम को रोहित और विराट की कमी खली। साउदी ने हालांकि भारत की हार को अधिक गंभीर रूप में नहीं लिया। उन्होंने कहा, ‘भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। अब वे फिर से टीम बनाने के चरण में हैं। जब हम वहां गए थे तब उनके पास बहुत अनुभव वाली टीम थी।’ उन्होंने आगे कहा, ‘लेकिन जब आप रोहित, अश्विन और आर अश्विन को हटा देते हैं, तो प्रभाव पड़ना ही है।’

# एफसी गोवा मुंबई सिटी को हराकर AIFF सुपर कप के फाइनल में पहुंचे




फातोरदा (गोवा)। एफसी गोवा ने यहां पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक रोमांचक सेमीफाइनल में मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराकर तीसरी बार एआईएफएफ सुपर कप फाइनल में जगह बनाई। डिफेंडिंग चैंपियन को अपनी पूरी ताकत लगानी पड़ी, लेकिन गुरुवार रात ब्रिसन फर्नांडिस (20‘) और डेविड टिमोर (23‘) के पहले हाफ में किए गए दो शुरुआती गोल ईस्ट बंगाल के साथ फाइनल मुकाबले के लिए काफी साबित हुए। मुंबई सिटी एफसी, जिसने दूसरे हाफ में जोरदार वापसी की और ब्रैंडन फर्नांडिस के गोल से एक गोल कम किया, इस टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल से बाहर हो गई। मैच शुरू होने से पहले ही काफी ड्रामा हुआ, जब एफसी गोवा के कप्तान इकर गुआररत्सेना को टनल में मैच से पहले हुई एक घटना के लिए बाहर कर दिया गया, और आखिरी मिनट में जेवियर सिवेरियो को स्टार्टिंग इलेवन में उनकी जगह शामिल किया गया। अपने लीडर को खोने के बावजूद गोवा ने अपना हौसला नहीं खोया और जीत हासिल की।

# ब्रेविस आक्राम पारी से मैच बदलने में सक्षम : स्टेन



रायपुर। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस की जमकर प्रशंसा की है। स्टेन के अनुसार ब्रेविस अपनी आक्रामक पारी से मैच बदलने में सक्षम हैं औ ये उन्होंने एक बार फिर भारतीय टीम के खिलाफ हुए दूसरे मैच में खेली अपनी पारी से साबित किया है। ब्रेविस ने इस मैच में 34 गेंदों पर पांच छक्कों की सहायता से 54 रन बनाये। स्टेन ने कहा कि ब्रेविस में छक्के मारने की जबरदस्त क्षमता है, ब्रेविस और उनकी छक्के मारने की योग्यता के बारे में कुछ समय से बहुत बातें हो रही हैं। उनके अंडर-19 में रहने के दिनों से ही हमने उनकी प्रतिभा को देखा है। साथ ही कहा कि मैं उनके बारे में सुनता रहता था और उन्हें छक्के मारते हुए देखता था। अब हम इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखने लगे हैं। उनमें वह क्षमता है, और बल्लेबाज अब गेंद छोड़ना नहीं चाहते। उनमें बड़े शॉट लगाने की क्षमताएं हैं। स्टेन ने कहा, ‘वे इसी तरह ट्रेनिंग करते हैं। उनके पास हर गेंद पर छक्के मारने के विकल्प हैं। ब्रेविस भविष्य है। वह सिर्फ 22 साल का है। अगर वह अपने करियर के इस स्टेज पर 359 रन का पीछा करने में माहिर है, तो सोचिए 8 या 10 साल में यह कैसा होगा। यह नॉर्म बन सकता है।

# इस वर्ष गूगल पर सबसे अधिक सर्च हुआ क्रिकेट

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर इस वर्ष सर्च इंजन गूगल पर क्रिकेट के विभिन्न प्रारूपों एशिया कप, चैंपियंस ट्रॉफी, महिला क्रिकेट विश्वकप और इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्करु) की दो टीमों को सबसे अधिक खोजा गया। शुक्रवार को जारी हुई इस रिपोर्ट में एथलीट, स्पर्धा और टीमों के बीच टॉप ट्रेंडिंग ग्लोबल सर्च का प्रमुख आकर्षण रहे क्रिकेट के बढ़ते डिजिटल फुटप्रिंट देखने को मिला। यह खेल लॉस एंजेलिस 2028 में ओलंपिक में वापसी करने वाला है। एशिया कप, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 दूसरे से चौथे स्थान पर रहे। ये तीनों टूर्नामेंट भारतीय क्रिकेट टीमों ने जीते। एशिया कप 2025 ने तीन भारत बनाम पाकिस्तान मैचों के बाद हुआ रोमांचक फाइनल भी शामिल था जिसका फैसला आखिरी ओवर में हुआ, यह सब तिलक वर्मा की मैच जिताने वाले प्रयास की वजह से काफी सुर्खियां में रहा। आठ साल के अंतराल के बाद हुई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर खिताब फिर से हासिल किया। महिला क्रिकेट विश्व कप में, भारत ने अपना पहला ग्लोबल खिताब जीता। यह देश में महिला खेलों के लिए एक ऐतिहासिक पल था। इस बीच, गूगल पर सबसे अधिक खोजे जाने वाले स्पोर्ट्स टीमों की रैंकिंग में दो आईपीएल फ्रेंचाइजी ‘पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स‘ टॉप पांच में शामिल हो गईं। क्रिकेट के अलावा, फुटबॉल और गोल्फ ने भी अपनी मजबूत मौजूदगी बनाए रखी। फीफा क्लब विश्वकप स्पोर्ट्स स्पार्धा कैटेगरी में टॉप पर रहा, जबकि राइडर कप टॉप पांच में शामिल था। एथलीट कैटेगरी में, सर्च में अमेरिकी बॉक्सर टेरेंस क्रॉफर्ड सबसे आगे रहे, उसके बाद उत्तरी आयरलैंड के गोल्फर रोरी मैकलॉय का नंबर आया। अमेरिकी फुटबॉल स्टार शेड्यूर सैंडर्स, जालेन हट्र्स और कनाडाई बास्केटबॉल खिलाड़ी शाई गिलजियस-अलेक्जेंडर ने शीर्ष पांच में रहे।




# ‘शमी कहां हैं, आखिर क्यों नहीं खेल रहे’, लगातार अनदेखी पर दिग्गज गेंदबाज ने उठाए सवाल




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट में तेज गेंदबाजी की रीढ़ माने जाने वाले मोहम्मद शमी एक बार फिर चयन को लेकर विवाद के केंद्र में हैं। मार्च 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से शमी को किसी भी भारतीय स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया है। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन और बेहतरीन फिटनेस दिखाने के बावजूद राष्ट्रीय टीम में उनकी वापसी न होना कई दिग्गजों को खटक रहा है। खासकर पूर्व ऑफ-स्पिनर हरभजन सिंह ने खुलकर सवाल उठाते हुए कहा है कि इतने अनुभवी और मैच-विनिंग गेंदबाज को लगातार बाहर रखना टीम की सोच पर सवाल खड़ा करता है।

### शमी की गैरमौजूदगी पर हरभजन सिंह का तीखा सवाल

हरभजन सिंह लंबे समय से क्रिकेट के मामलों पर अपनी साफ राय रखने के लिए जाने जाते हैं। रायपुर वनडे के बाद अपने चैनल पर उन्होंने पूछा, ‘शमी कहां हैं? आखिर क्यों नहीं खेल रहे?’ उन्होंने इशारा किया कि शमी जैसे प्रूवन मैच-विनर को एकदम से टीम से दूर कर देना भारतीय चयन प्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। शमी ने पिछले एक दशक में टेस्ट, वनडे और टी20 तीनों फॉर्मेट में भारत के लिए निर्णायक प्रदर्शन दिया है। ऐसे में एक फिट और फॉर्म में गेंदबाज को नजरअंदाज करना ना सिर्फ टीम की गहराई को कम करता है बल्कि अनुभव की कमी भी पैदा करता है।

### घरेलू क्रिकेट में शानदार वापसी, फिर भी चयन से दूर

35 वर्षीय मोहम्मद शमी इन दिनों सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल की ओर से खेल रहे हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में बेहतरीन लाइन-लेंथ, स्विंग और डेथ ओवरों में सटीक गेंदबाजी के साथ यह साबित कर दिया कि वह अभी भी शीर्ष स्तर पर खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसके बावजूद चयन समिति ने उन्हें किसी भी सीरीज के लिए शामिल नहीं किया, जिससे यह सवाल और मजबूत हो गया है कि उनके बाहर रहने की वजह तकनीकी है, चयन नीति है या कुछ और।

### क्या टीम इंडिया अनुभव की अनदेखी कर रही है?

हरभजन का मानना है कि भारत बुमराह जैसे स्टार बॉलर पर अत्यधिक निर्भर हो गया है, जबकि टीम को चाहिए कि वह बुमराह की अनुपस्थिति में भी जीतने की कला विकसित करे। ऐसे में शमी जैसे वरिष्ठ गेंदबाज को मौका देना टीम संयोजन के लिए बेहद जरूरी है। उनकी विविधताओं रिवर्स स्विंग, लेट मूवमेंट और डेथ-ओवर विशेषज्ञता का कोई विकल्प आसानी से नहीं मिलता।

### क्या चयनकर्ताओं को शमी को नई भूमिका देने की जरूरत है?

कई विशेषज्ञ मानते हैं कि शमी को पूर्णकालिक नहीं तो सीमित मैचों में रोटेशनल भूमिका दी जा सकती है। भारत को युवा गेंदबाजों को तैयार करना चाहिए, लेकिन सीनियर खिलाड़ियों को भूलकर नहीं। ड्रेसिंग रूम में शमी की उपस्थिति ही युवा तेज गेंदबाजों के लिए सीख का एक बड़ा स्रोत है।

## प्रिमियम प्लास्ट का राजस्व 67 प्रतिशत उछला, मुनाफा 51 प्रतिशत छलांग

**मुंबई, एजेंसी।** प्रीमियम प्लास्ट लिमिटेड , उच्च गुणवत्ता वाले प्रिसिजन प्लास्टिक कंपोनेंट्स की विश्वसनीय निर्माता और विविध उद्योगों की भरोसेमंद सहयोगी, ने एच1 एफवाय26 के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है।प्रीमियम प्लास्ट लिमिटेड के प्रोमोटर एवं प्रबंध निदेशक श्री चेतन दवे ने कहा, हमने एच1 एफवाय26 में सशक्त प्रदर्शन दर्ज किया है, जहाँ कुल आय, ईबीआईटीडीए और शुद्ध लाभ–तीनों में वर्ष-दर-वर्ष उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह सफलता हमारे प्रमुख क्षेत्रों में स्थिर मांग, बेहतर परिचालन दक्षताओं और उच्च-प्रिसिजन, वैल्यू-ऐडेड कंपोनेंट्स पर लगातार ध्यान का परिणाम है। वर्ष के दौरान हम अपनी क्षमताओं को और मजबूत करने तथा ग्राहकों को उत्कृष्ट डिलीवरी देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आगे की राह पर, हम क्षमता विस्तार में निवेश जारी रखेंगे, उच्च-विकास श्रेणियों में अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को और व्यापक बनाएंगे और सततता-केन्द्रित प्रथाओं को और मजबूत करेंगे। ये पहलें हमें दीर्घकालिक विकास, बेहतर लागत दक्षता और आने वाले अवसरों का लाभ उठाने के लिए सशक्त आधार प्रदान करेंगी।

## सैटेलाइट डेटा एनालिटिक्स बाजार में पांव पसारने के लिए भारत एनवी पेश किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) के क्षेत्र में अग्रणी एसरी इंडिया ने जियोस्पैटियल इमेज प्रोसेसिंग एवं एनालिसिस सॉफ्टवेयर भारत ईएनवीआई लांच करने की आज घोषणा की। भारत ईएनवीआईकी लांचिंग से इंडो आर्कजीआईएस यूज़र्स को विश्वस्तरीय रिमोट सेंसिंग और एनालिटिक्स क्षमता हासिल होगी जिससे वे बेहतर शासन और आर्थिक वृद्धि के लिए अधिक सूझबूझ के साथ निर्णय कर सकेंगे। ईएनवीआई को सैटेलाइट, ड्रोन, लिडार, एसएआर, मल्टीस्पेक्ट्रल और हाइपरस्पेक्ट्रल सेंसर्स सहित विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त रिमोट सेंसिंग डेटा से कार्य योग्य अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए काफी समय से विश्वभर में एक अग्रणी सॉल्यूशन के तौर पर जाना जाता रहा है। इसे मजबूती के साथ एसरी के आर्कजीआईएस प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत किया गया है और यह जीआईएस यूज़र्स को निर्बाध रूप से पहुंच प्रदान कर विश्वास के साथ महत्वपूर्ण समस्याओं को हल करने के लिए इमेजरी का विश्लेषण करने की सहूलियत देता है। भारतीय जीआईएस उपयोग करने वाले संगठन अब 'इंडो आर्कजीआईएस लिविंग एटलस' में भारतीय कंटेंट और एआई मॉडलों के विशाल भंडार का उपयोग कर भारत ईएनवीआई के साथ इंडो आर्कजीआईएस की ताकत को मिला सकते हैं। सख्ती के साथ एकीकृत यह क्षमता भूमि उपयोग नियोजन, संसाधन प्रबंधन और प्रभावी नीति क्रियान्वयन सहित विभिन्न गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण है।

## नेटफ्लिक्स पर सिंगल पापा के ट्रेलर ने लोगों का दिल जीता!

मुंबई। नेटफ्लिक्स पर सिंगल पापा का ट्रेलर रिलीज़ हुआ है। यह 30 वर्ष के गौरव गहलोत की कहानी है, जिनके लिए एडल्टिंग का मतलब है, अपने मम्मी पापा पर निर्भर रहना। यह कहानी तब तक ऐसे ही चलती रहती है, जब तक वो अपने भारतीय परिवार को यह कहकर चौंका नहीं देते हैं कि वो एक बच्चा गोद ले रहे हैं। इसके बाद शुरू होती है एक उथल–पुथल, एक सवाल कि क्या गौरव पापा बनने की चुनौती का सामना कर पाएगा? क्या वह अपने मजेदार और अजीबोगरीब खानदान के क्लेश औरप्यार से निपट पाएगा? गौरव गहलोत का किरदार निभा रहे, कुणाल खेमू ने कहा, ''गौरव का किरदार निभाना मेरे करियर के सबसे बेहतरीन तजुर्बों में से एक है। यह किरदार बेदाग, मजेदार, और बहुत प्यारा है, बिल्कुल वैसे ही, जैसे कई सिंगल–पैरेंट होते हैं।

# जेएलएल रिपोर्ट के अनुसार इंदौर बन रहा है मध्य भारत का अगला रियल एस्टेट पॉवरहाउस

### 2027 तक होगा परिवर्तनकारी विकास




**इंदौर।** इंदौर तेजी से भारत के सबसे आकर्षक उभरते रियल एस्टेट बाजारों में से एक के रूप में उभर रहा है। आने वाले वर्षों में शहर एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजरेगा, जो सेंट्रल इंडिया के कमर्शियल और इंडस्ट्रियल गेटवे के तौर पर इसकी जगह को और पक्का करेगा। अपनीस्ट्रेटेजिक लोकेशन के फ़ायदों, वर्ल्ड-क्लास एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स की एक बड़ी परियोजनाओं की महत्वाकांक्षी श्रृंखला के साथइंदौर सभी रियल एस्टेट एसेट क्लास में लगातार ग्रोथ की एक दिलचस्प कहानी पेश करता है।यह निष्कर्ष जेएलएल की रिपोर्ट बियॉन्ड द मेट्रोज़ः इनसाइट्स इनटू इंडियाज़ इमर्जिंग रियल एस्टेट स्टार्समें सामने आया है। शहर की आर्थिक बुनियाद एक बहुत ही अलग-अलग तरह के इंडस्ट्रियल बेस पर टिकी है, जो इसे सिंगल-सेक्टर पर निर्भर मार्केट से अलग बनाती है।पास के पीथमपुर में मौजूद मज़बूत ऑटोमोबाइल सेक्टर में लगातार बड़े मैन्युफैक्चरिंग इन्वेस्टमेंट आ रहे हैं,, जबकि टेक्सटाइल और मेटल इंडस्ट्री क्षेत्रीय रोजगार बढाने और आर्थिक स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एक खुद को मज़बूत करने वाला साइकिल बनाया है, जो इंदौर को भारत के टियर-2 शहरों में खास बनाता है। जेएलएल की सीनियर मैनेजिंग डायरेक्टर- ईस्ट एंड एमर्जिंग मार्केट्सइंडिया, सुरेखा बिहानी ने कहा, इंदौर स्ट्रेटेजिक लोकेशन, मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और इकोनॉमिक डाइवर्सिफिकेशन का एकदम सही मेल है, जो भारत की अगली पीढ़ी के कमर्शियल रियल एस्टेट डेस्टिनेशन को बताता है।2027 तक ऑफिस स्पेस स्टॉक 38 प्रतिशत बढ़कर 24.9 मिलियन वर्गफुट तक पहुंचने की उम्मीद है। सुपर कॉरिडोर एक वर्ल्ड-क्लास बिज़नेस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर उभर रहा है, हम सेंट्रल इंडिया के प्रीमियर कमर्शियल गेटवे को बनते हुए देख रहे हैं। 35 से 55 रुपये प्रति वर्गफुट के किराये पर ग्रेड-ए ऑफिस स्पेस की उपलब्धता इंदौर को पारंपरिक महानगरों के मुकाबले एक बेहतरीन विकल्प बनाती है।

## ओम लॉजिस्टिक्स सप्लाई चेन ने भरोसेमंद और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए टाटा मोटर्स के साथ सहयोग किया

**मुंबई, एजेंसी।** तीन दशक से अधिक समय से भारत के सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में अग्रणी भूमिका निभा रही ओम लॉजिस्टिक्स सप्लाई चेन ने परिचालन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 1991 में स्थापित कंपनी आज बड़े उद्योगों से लेकर छोटे और मझोले व्यवसायों तक को एंड–टू–एंड लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान कर रही है। मजबूत वेयरहाउसिंग सुविधाओं और प्रशिक्षित कार्यबल के साथ कंपनी ने विश्वसनीयता, समयबद्ध सेवाओं और उन्नत परिचालन गुणवत्ता के लिए एक मजबूत पहचान बनाई है। कंपनी ने हाल ही में अपने बेड़े में 30 नए टाटा एलपीटी 1921 ट्रक शामिल किए हैं। 1,000 से अधिक टाटा वाहनों के पहले से परिचालन में होने के साथ, यह विस्तार ओम लॉजिस्टिक्स सप्लाई चेन और भारत की अग्रणी वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स के बीच लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को और मजबूत करता है। इन नए वाहनों की शामिल होने से कंपनी देशभर में हाई–वॉल्यूम कंसाइनमेंट्स की क्षमता बढ़ा सकेगी और ग्राहकों को तेज़, निर्बाध और समयबद्ध सेवाएँ प्रदान कर सकेगी। इस साझेदारी पर राघव सिंघल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, ओम लॉजिस्टिक्स सप्लाई चेन, ने कहा, हमारा उद्देश्य व्यवसायों के लिए लॉजिस्टिक्स को सरल, कुशल और स्केलेबल बनाना है। टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स के साथ हमारी दीर्घकालिक साझेदारी ने हमारी विकास यात्रा को गति दी है। तेजी से बढ़ते डिजिटलाइजेशन और शहरी विस्तार के बीच टाटा एलपीटी 1921 ट्रकों का शामिल होना हमारी क्षमता को और मज़बूत करेगा।

## मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड केस स्टडी: मधु लुनावत

**इंदौर।** आज के बदलते और अक्सर बदलते रहते फाइनेंशियल माहौल में इन्वेस्टर ऐसी स्ट्रेटेजी ढूंढ रहे हैं जो ग्रोथ और स्टेबिलिटी दोनों दे सकें। हालांकि ट्रेडिशनल इन्वेस्टमेंट के तरीकों के अपने फायदे हैं लेकिन ज़्यादा मज़बूत और अलग–अलग तरह के तरीके की ज़रूरत पहले कभी इतनी साफ़ नहीं थी। मल्टी–एसेट एलोकेशन फंड एक पावरफुल सॉल्यूशन के तौर पर सामने आए हैं, जो वेल्थ क्रिएशन के लिए एक बैलेंस्ड और डिसिप्लिन्ड तरीका देते हैं। मल्टी–एसेट एलोकेशन फंड को एक अच्छी तरह से बैलेंस्ड क्रिकेट टीम की तरह सोचें। आपको एग्रेसिव बैट्समैन (इक्विटी) चाहिए जो तेज़ी से रन बना सकें और गेम को आगे बढ़ा सकें। स्टेबल मिडिल–ऑर्डर बैट्समैन (डेट) जो विकेट गिरने पर इनिंग्स को संभाल सकें, एक ऑल–राउंडर (गोल्ड) जो कई तरह से योगदान दे सके और एक भरोसेमंद विकेटकीपर (कैश) जो मौकों का फ़ायदा उठा सके। सिर्फ़ एग्रेसिव बैट्समैन वाली टीम तेज़ी से रन बना सकती है लेकिन कोई भी टीम प्रेशर में ढह सकती है। इसी तरह एक पोर्टफोलियो को लंबा गेम जीतने के लिए अलग–अलग ताकत वाले कई तरह के प्लेयर्स की ज़रूरत होती है। ज़्यादातर इन्वेस्टर्स के लिए सबसे बड़ी चुनौती ऑप्शन की कमी नहीं, बल्कि सही एसेट्स का मिक्स चुनने की मुश्किल है। इक्विटी में ग्रोथ की ज़्यादा संभावना होती है, लेकिन उनमें काफी उतार–चढ़ाव होता है। डेट इंस्ट्रूमेंट्स स्टेबिलिटी और रेगुलर इनकम देते हैं, लेकिन वे लिमिटेड कैपिटल ग्रोथ दे सकते हैं। सोना और दूसरी कमोडिटीज़ महंगाई और आर्थिक अनिश्चितता के खिलाफ बचाव का काम करती हैं।

# इंडिया मारुति सुज़ुकी के साथ इलेक्ट्रिक हो रहा है; एक भारत, एक ईवी प्लेटफ़ॉर्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड (मारुति सुज़ुकी) ने 13 चार्ज पॉइंट ऑपरेटरों और एग्रीगेटरों के साथ सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है। मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, श्री हिसाशी ताकेउचि और सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग और सेल्स), श्री पार्थो बनर्जी और सीपीओ के अन्य वरिष्ठ गणमान्य अधिकारी इस अवसर पर मौजूद थे। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ श्री हिसाशी ताकेउचि ने कहा, मारुति सुज़ुकी में, हम अपने ग्राहकों को सुखद ओनरशिप का अनुभव देने का प्रयास करते हैं ताकि कंपनी पर उनका भरोसा लम्बे समय तक बना रहे। आज, हम एक ऐतिहासिक कदम उठा रहे हैं, क्योंकि हम पूरी तैयारी के साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं, ताकि ईवी चार्जिंग से जुड़ी चिंताओं को दूर किया जा सके और ग्राहक विश्वास को बढ़ावा मिले। हमने अपने सेल्स और सर्विस नेटवर्क के माध्यम से 1,100 से अधिक शहरों में फैले 2,000 से अधिक मारुति सुज़ुकी एक्सक्लूसिव चार्जिंग पॉइंट्स का एक मजबूत नेटवर्क स्थापित किया है। इसके अलावा, हमने देशभर में विशाल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तक पहुंच उपलब्ध कराने के लिए 13 चार्ज पॉइंट ऑपरेटरों के साथ सहयोग किया है। सुज़ुकी की वैश्विक दृष्टिकोण के अनुरूप, हम कई ईवी पेश करने की योजना बना रहे हैं और इसे समर्थन देने के लिए हमारे डीलर और सीपीओ पार्टनर्स के साथ हमारा लक्ष्य 2030 तक पूरे भारत में 1 लाख से अधिक चार्जिंग पॉइंट्स का नेटवर्क स्थापित करना है। ईवी इकोसिस्टम को पेश करते हुए मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग और सेल्स) श्री पार्थो बनर्जी ने कहा, आज भारत में इलेक्ट्रिक




मोबिलिटी के नए दौर की शुरुआत है। मुझे यह कहते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मारुति सुज़ुकी पूरी तरह ईवी के लिए तैयार है और हमारा नया व्यापक प्लेटफॉर्म ईवी चार्जिंग ढांचे से जुड़ी प्रमुख चिंताओं का समाधान करता है। देश के सबसे बड़े डीलर नेटवर्क और हमारे चार्जिंग पार्टनर्स के नेटवर्क का लाभ उठाते हुए, हम भारत के 100 प्रमुख शहरों में हर महत्वपूर्ण स्थान पर औसतन 5-10 किलोमीटर की दूरी पर ईवी चार्जिंग पॉइंट उपलब्ध करा रहे हैं। प्रमुख हाईवे पर भी नियमित अंतराल पर डीसी फास्ट चार्जर लगाए गए हैं, ताकि हमारे भविष्य के ईवी ग्राहकों को पूरे देश में बिना रुकावट सफर की आज़ादी मिल सके। ग्राहकों को और भी अच्छी सुविधा देने के लिए, हमने 1.5 लाख विशेष रूप से प्रशिक्षित ईवी वर्कफोर्स तैनात की है, जो हमारे ग्राहकों की हर आवश्यकता को पूरा करेगी। हमने देश के हर हिस्से में ईवी ओनरशिप के अनुभव को समर्थन देने के लिए आफ्टर-सेल्स आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु 1,100 शहरों में 1,500+ ईवी-रेडी सर्विस वर्कशॉप्स भी सक्रिय कर दी हैं।

## यूनिहेल्थ ने समेकित शुद्ध लाभ में वर्ष-दर-वर्ष 195 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की

**मुंबई, एजेंसी।** कंसल्टेंसी लिमिटेड कंसल्टेंसी लिमिटेड एक वैश्विक हेल्थकेयर प्रदाता है जिसकी अफ्रीका में व्यापक संचालन मौजूद है और अब भारत में तेजी से विस्तार कर रहा है – जिसमें अस्पताल, मेडिकल सेंटर, कंसल्टेंसी, फार्मा डिस्ट्रीब्यूशन और मेडिकल ट्रैवल शामिल हैं – ने एच1 एफवाय26 के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, यूनिहेल्थ हॉस्पिटल्स के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अक्षय परमार ने कहा, एच1 एफवाय26 हमारे लिए महत्वपूर्ण प्रगति का समय रहा, क्योंकि हमने भारत और अफ्रीका में अपने पदचिह्नों को और मजबूत किया तथा निर्माणाधीन प्रमुख परियोजनाओं को आगे बढ़ाया। इस अर्ध-वर्ष के दौरान हमारी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक नवी मुंबई में हमारी पहली यूएमसी हॉस्पिटल सुविधा का पूरा होना रहा – एक 52-बेड वाला मल्टी-स्पेशियलिटी तृतीयक देखभाल अस्पताल, जिसमें मॉड्यूलर थिएटर्स, कैथेटराइजेशन लैब और अत्याधुनिक आईसीयू शामिल हैं। भारत में हमारी उपस्थिति को और मजबूत करते हुए, नासिक में हमारा आगामी 200-बेड वाला तृतीयक देखभाल अस्पताल अगले कैलेंडर वर्ष की शुरुआत में चालू होने की तैयारी में है।

### अब तक की सर्वाधिक वायटीडी बिक्री का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया है

# सोनालीका ने 1,26,162 ट्रैक्टरों की कुल वायटीडी बिक्री का रिकॉर्ड दर्ज किया

**नई दिल्ली एजेंसी।**
भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अप्रैल-नवंबर 2025 में 1,26,162 ट्रैक्टरों की बिक्री के साथ अब तक की सर्वाधिक वायटीडी बिक्री का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया है। यह असाधारण प्रदर्शन सोनालीका के सशक्त नेतृत्व और भारत तथा वैश्विक परिदृश्य में कृषि मशीनीकरण को गति देने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।

बेहतर दक्षता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए किसान तेज़ी से बड़े हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों पर निर्भर हो रहे हैं और सोनालीका का मज़बूत प्रदर्शन भारत में पारंपरिक खेती से तकनीक-आधारित कृषि की ओर तेज़ी से बढ़ते बदलाव का संकेत देता है। हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर दुनिया भर के 150 देशों में विभिन्न



प्रकार की मिट्टी में ज़बरदस्त प्रदर्शन के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। बिक्री में यह उल्लेखनीय नई गति आधुनिक ट्रैक्टरों और उपकरणों के तेज़ी से बढ़ते उपयोग, अनुकूल सरकारी पॉलिसी और लगातार बेहतर होते एम एस पी ढांचे से प्रेरित हैं, जिससे किसानों में नई कृषि शैली अपनाने का आत्मविश्वास बढ़ रहा है। नए रिकॉर्ड प्रदर्शन पर अपने विचार साझा करते हुए, श्री रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, कृषि का भविष्य उन सभी का है जो उद्देश्यपूर्ण इनोवेशन करते हैं, और हम स्मार्ट कृषि समाधान विकसित करने और निरंतर निवेश के लिए प्रतिबद्ध हैं। अप्रैल-नवंबर 2025 में हमारी 1,26,162 ट्रैक्टरों की अब तक की सर्वाधिक वायटीडी कुल ट्रैक्टर बिक्री भारतीय कृषि में हो रहे परिवर्तन का एक सशक्त संकेत है। भारत में मशीनीकरण तेज़ी से बढ़ रहा है, और जी एस टी कटौती, एम एस पी में बढ़ोतरी से किसानों का आधुनिक ट्रैक्टर और स्मार्ट उपकरण अपनाने का विश्वास बढ़ा है। आई टी एल में, हमें इस बदलाव का नेतृत्व करने पर गर्व है और हम किसानों का समर्थन करते हुए भारत को कृषि में एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभरने में मदद करते रहेंगे।

## कोटक म्यूचुअल फंड एनुअल आउटलुक 2026

**मुंबई, एजेंसी।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने अपना मार्केट आउटलुक 2026 जारी किया। इस रिपोर्ट में आने वाले साल में भारत की आर्थिक स्थिति और उन अहम निवेश थीम पर विस्तार से जानकारी दी गई है, जो वित्तीय बाजारों को प्रभावित कर सकती हैं। रिपोर्ट में शेयर बाजार, फिक्स्ड इनकम और थीमेटिक सेक्टर्स में मौजूद अवसरों की बात की गई है, साथ ही वैश्विक व घरेलू ट्रेंड को समझने पर जोर दिया गया है, जिन पर निवेशकों को नजर रखनी चाहिए। कोटक महिंद्रा एएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा कि, वित्त वर्ष 2026 में इक्विटी से मिलने वाला रिटर्न कंपनियों की कमाई में बढ़ोतरी पर निर्भर रहेगा। उम्मीद है कि भारतीय कंपनियां वित्त वर्ष 2027 में डबल डिजिट की मजबूत अर्निंग दिखाएंगी।

## लाईविंग्स सिम्युलेटर ट्रेनिंग सेंटर लिमिटेड का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** फ्लाईविंग्स सिम्युलेटर ट्रेनिंग सेंटर लिमिटेड (कंपनी, फ्लाईविंग्स) कैबिन और कॉकपिट क्रू के लिए सुरक्षा और आपातकालीन प्रक्रियाओं पर केंद्रित सिमुलेशन-आधारित विमानन प्रशिक्षण प्रदान करती है। कंपनी अपनी इनिशिअल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) शुक्रवार, 05 दिसंबर 2025 को खोलने जा रहीं है, जिसका उद्देश्य ?57.05 करोड़ (ऊपरी प्राइस बैंड पर) जुटाना है, और इसके शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होंगे। आईपीओ से प्राप्त शुद्ध राशि का उपयोग पायलट प्रशिक्षण उपकरणों की पूंजीगत व्यय और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एंकर हिस्सा 04 दिसंबर 2025 को खुल जाएगा और इश्यू 09 दिसंबर 2025 को बंद होगा।

बुक रनिंग लीड मैनेजर~ सोभाग्य कैपिटल ऑप्शंस प्राइवेट लिमिटेड और ग्रेटेक्स कॉर्पोरेट सर्विसेज़ लिमिटेड इश्यू के रजिस्ट्रार- बिगशेयर सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड फ्लाईविंग्स सिम्युलेटर ट्रेनिंग सेंटर के प्रबंध निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकार, श्री रुपल संजय मंडाविया ने कहा, आईपीओ फ्लाईविंग्स सिम्युलेटर ट्रेनिंग सेंटर लिमिटेड की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। सिमुलेशन-आधारित विमानन प्रशिक्षण में मजबूत नींव और सुरक्षा एवं आपातकालीन प्रक्रियाओं पर समर्पित फोकस के साथ, कंपनी ने उद्योग में एक विश्वसनीय और बढ़ती उपस्थिति स्थापित की है। इसके डीजीसीए द्वारा मान्यता प्राप्त केंद्र, उन्नत सिम्युलेटर इकोसिस्टम द्वारा समर्थित, फ्लाईविंग्स को विमानन क्षेत्र की बढ़ती प्रशिक्षण मांगों को प्रभावी ढंग से पूरा करने की स्थिति में रखते हैं।

# फोनपे के इंडस ऐपस्टोर, मोटोरोला इंडिया ने की साझेदारी

**मुंबई, एजेंसी।**
भारत के घरेलू एंड्रॉइड ऐप मार्केटप्लेस, इंडस ऐपस्टोर ने आज मोटोरोला के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के बाद, भारत में मोटोरोला के डिवाइसेस पर इंडस ऐपस्टोर उपलब्ध होगा। इससे इंडस ऐपस्टोर पहले से ज्यादा डिवाइसेस पर उपलब्ध हो पाएगा और भारत में मोटोरोला के यूजर्स को पर्सनलाइज्ड ऐप डिस्कवरी अनुभव मिल सकेगा।

इंडस ऐपस्टोर, भारतीय ग्राहकों को ऐप की दुनिया में एक बेहतर विकल्प देता है। इसे विशेष रूप से यूजर्स की पसंद और देश की विविध संस्कृति को ध्यान में रखकर बनाया गया है। हर भारतीय स्मार्टफोन यूजर तक पहुँचने के लिए, यह प्लेटफॉर्म अंग्रेजी के साथ-साथ अन्य 12 भाषाओं में अपनी सुविधाएँ उपलब्ध कराता है। इसमें एआइ-पावर्ड वॉयस सर्च भी है, जिससे यूजर को क्षेत्रीय भाषा के कठिन शब्द टाइप नहीं करने पड़ते। इसके साथ ही, वीडियो प्रीव्यू की सुविधा यूजर्स को किसी ऐप को डाउनलोड करने से पहले उसके फंक्शन को विजुअली एक्सपीरियंस करने का मौका देती है।

इंडस ऐपस्टोर अपनी बेहतरीन ऐप स्टोर नीतियों के कारण, भारत के डेवलपर्स और ऐप्स के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करता है। यह वितरण के लिए केवल एक ही स्त्रोत पर निर्भरता को कम करता है और जिससे बाज़ार में एक मजबूत और प्रतिस्पर्धात्मक




विकल्प सामने आता है। यह कदम न केवल बड़ी संख्या में स्थानीय डेवलपर्स को सशक्त और सक्षम बनाएगा, बल्कि भारतीय डेवलपर इकोसिस्टम को वैश्विक मंच पर सफल होने के लिए बढ़ावा भी देगा।

इंडस ऐपस्टोर की चीफ बिजनेस ऑफिसर, प्रिया एम. नरसिम्हन जी ने इस महत्वपूर्ण प्रगति पर उत्साह के साथ कहा, हमें मोटोरोला के साथ साझेदारी करके बहुत खुशी हो रही है, इसके माध्यम से हम अधिक से अधिक भारतीयों को इंडस ऐपस्टोर का अनुभव आसानी से उपलब्ध करा पाएंगे। यह साझेदारी पूरे भारतीय बाजार की सेवा करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। उन्होंने आगे कहा, यह ऐप स्टोर सही मायने में मेड-फॉर-इंडिया की भावना को दर्शाता है और भारतीय ऐप अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। यह सहयोग हमारे उस लक्ष्य को बल देता है कि हम भारतीयों को एक ऐसा बेहतरीन विकल्प दें, जहाँ वे सहजता से अपने क्षेत्र के हिसाब से ऐप्स को ढूँढ सकें और डाउनलोड कर पाएँ।

मोटोरोला मोबिलिटी इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, टी. एम. नरसिम्हन ने भी अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मोटोरोला में, हमने हमेशा भारत में अपने यूजर्स को एक उत्कृष्ट और उनके क्षेत्र के हिसाब से अनुभव देने को प्राथमिकता दी है और इंडस ऐपस्टोर हमारे इस दृष्टिकोण पर पूरी तरह से खरा उतरता है। इस स्वदेशी प्लेटफॉर्म को एकीकृत करके, हम यूजर्स को एक नया माध्यम प्रदान कर रहे हैं जो उनको अपनी संस्कृति के हिसाब से ऐप खोजने का विकल्प देकर उनके अनुभव को बेहतर बनाता है। इस साझेदारी से भारतीय डेवलपर्स को भी लाभ होगा। इस सहयोग से एक और बड़ा लाभ यह है कि इंडस ऐपस्टोर का विशिष्ट वितरण मॉडल, भारतीय डेवलपर्स को उनके सही यूजर्स को जोड़ेगा।

## बल्ककॉर्प इंटरनेशनल ने एच1 एफवाय26 में मजबूत 30 प्रतिशत पीएटी वृद्धि दर्ज की

**अहमदाबाद, एजेंसी।** बल्ककॉर्प इंटरनेशनल लिमिटेड खाद्य-ग्रेड एफआईबीसी के प्रमुख निर्माताओं में से एक, ने एच1 एफवाय26 के अनऑडिटेड परिणामों का उत्साहपूर्ण ऐलान किया है। बल्ककॉर्प इंटरनेशनल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री पुनीत गोपालका ने कहा, हमें यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि एच1 एफवाय26 में हमने मजबूत प्रदर्शन दिया, जिसका समर्थन मजबूत निर्यात गति और हमारे एफआईबीसी व बुल्क पैकेजिंग समाधानों की बढ़ती मांग ने किया। कुल आय में वर्ष-दर-वर्ष 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो मौजूदा वैश्विक ग्राहकों से उच्च ऑर्डर प्रवाह और नई भौगोलिक क्षेत्रों में विस्तार के कारण हुई। ईबीआईटीडीए में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो बेहतर संचालन दक्षताओं और मूल्य-वर्धित, टिकाऊ पैकेजिंग उत्पादों पर निरंतर फोकस को दर्शाती है। शुद्ध लाभ 30 प्रतिशत बढ़ा, जो मार्जिन सुधार और अनुशासित लागत नियंत्रण से प्रेरित है।

इस अर्धवार्षिक प्रदर्शन ने कंपनी की स्थिति को विश्वसनीय और उच्च-गुणवत्ता, पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग समाधानों की मांग करने वाले वैश्विक उद्योगों के लिए भरोसेमंद साझेदार के रूप में मजबूत किया है। हम अपने अंतरराष्ट्रीय पदचिह्न को बढ़ाने और दीर्घकालिक, निर्यात-प्रधान वृद्धि हासिल करने पर लगातार ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# ऋचा चड्ढा ने बताया कैसे बदली अपनी जिंदगी और सोच



बॉलीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा आज अपनी निडर आवाज, बेबाक बयानों और मजबूत व्यक्तित्व के लिए पहचानी जाती हैं, लेकिन अभिनेत्री का कहना है कि वे हमेशा से ऐसी नहीं थीं। मुंबई में आयोजित 15वें इंडियन फिल्म प्रोजेक्ट में उन्होंने अपने शुरुआती संघर्षों और उस दौर के दर्दनाक अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि एक समय ऐसा भी था जब वे बेहद डरपोक, समझौतावादी और खुद को कम आंकने वाली इंसान बन चुकी थीं। आज भले ही लोग उन्हें आत्मविश्वास और साहस की प्रतीक मानते हैं, लेकिन पर्दे के पीछे का सच बिल्कुल अलग था। ऋचा ने एक घटना याद करते हुए बताया कि करियर की शुरुआत में उन्हें कई ऐसे काम स्वीकार करने पड़े जिन्हें करने में उन्हें असहजता महसूस होती थी। उन्होंने कहा, 'एक दिन मैं सेट पर खड़ी थी और मैंने खुद से पूछा मैंने ये फिल्म कब साइन की? मैं यहाँ क्या कर रही हूँ? मैं इस आइटम नंबर में क्यों हूँ? मुझे खुद समझ नहीं आ रहा था कि मैं कहाँ और कैसे फँस गई हूँ।' उन्होंने बताया कि एक डायरेक्टर ने उनसे कहा था कि मेल कोरियोग्राफर चाहिए और तुम्हें 'ऐसे–वैसे' करना है। यह सुनकर वे अंदर से टूट गईं और सोचने लगीं कि आखिर वे यहाँ तक कैसे पहुँच गईं। उन्हें बाद में अहसास हुआ कि किसी लोकल मैनेजर ने कुछ पैसे लेकर गलत रास्ते पर धकेल दिया था।

अभिनेत्री ने कहा कि इंडस्ट्री में कई लोग उनकी बाहरी सुंदरता पर टिप्पणी करते थे और उन्हें बदलने की सलाह देते थे। ऋचा ने कहा, 'मुझसे कहा जाता होंठ ठीक करवा लो, नाक ठीक करवा लो, चेहरे पर सुधार करवाओ, गाना शूट करने से पहले पानी मत पीना। मैं हर बात मान लेती थी। मैं अपने शरीर और दिमाग को बहुत चोट पहुँचा चुकी थी। मैं खुद से कहती थी मैं बेकार हूँ, मैं अच्छी नहीं हूँ।' उन्होंने बताया कि मनोरंजन जगत में कई लोग दूसरों को छोटा महसूस करवाकर खुद को बड़ा साबित करने की कोशिश करते हैं।

अपने बदलाव की प्रक्रिया पर बात करते हुए ऋचा ने कहा कि अपनी आवाज उठाना उन्होंने धीरे–धीरे सीखा। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने खुद को स्वीकार करना शुरू किया, तब उन्हें समझ आया कि किसी भी कीमत पर आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया जा सकता। आज वे मानती हैं कि किसी कलाकार का सबसे बड़ा साहस अपनी सच्चाई पर डटे रहना होता है, चाहे दुनिया कुछ भी कहे। हाल ही में ऋचा चड्ढा और अली फजल के प्रोडक्शन हाउस पुशिंग बटन्स स्टूडियोज में बनी फिल्म 'सीक्रेट्स ऑफ ए माउंटेन सर्पेंट' का 82वें वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में वर्ल्ड प्रीमियर हुआ, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है।

# फिल्म 'तेरे इश्क में' की सफलता पर भावुक हुईं कृति सेनन



कृति सेनन और धनुष की ताज़ा रिलीज़ फिल्म 'तेरे इश्क में' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। दर्शकों के प्यार और बेहतरीन कमाई ने फिल्म की टीम का उत्साह बढ़ा दिया है। खासकर कृति सेनन की एक्टिंग को लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है, जिसके बाद फैंस अभिनेत्री को हिंदी सिनेमा की उभरती हुई और दमदार परफॉर्मर बता रहे हैं। फिल्म में उनके द्वारा निभाए गए किरदार 'मुक्ति' को दर्शकों और समीक्षकों दोनों से खूब सराहना मिल रही है। इसी फैन लव को महसूस करते हुए कृति सेनन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें कई इंफ्लुएंसर्स और फिल्म क्रिटिक्स उनकी एक्टिंग की खुलकर तारीफ करते दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि मुक्ति का किरदार कई परतों वाला और भावनात्मक रूप से बेहद पेचीदा था, जिसे कृति ने न सिर्फ ईमानदारी से निभाया, बल्कि पर्दे पर उसे जीवंत बना दिया। कई समीक्षा देने वालों का यह भी मानना है कि इस रोल को कृति जितनी बारीकी और संवेदनशीलता के साथ कोई और अभिनेत्री निभा ही नहीं पाती। इतनी भावनात्मक प्रतिक्रियाएँ देखकर कृति सेनन खुद भी भावुक हो गईं और उन्होंने दिल से अपने दर्शकों का धन्यवाद किया। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'मेरा दिल भर आया है। एक अभिनेता के लिए सबसे अच्छा एहसास तब होता है जब दर्शक आपके किरदार के अनकहे शब्दों के बीच की हर छोटी–छोटी भावना से जुड़ जाते हैं। मुक्ति शायद मेरे द्वारा निभाए गए किरदारों में सबसे ज्यादा पेचीदा किरदार है, और जब उसके दिल की हर धड़कन आपके दिल तक पहुंचती है, तो वो इश्क बन जाता है! इश्क के लिए शुक्रिया।' फिल्म में कृति की भूमिका मुक्ति नाम की लड़की की है, जिसकी जीवन यात्रा कई भावनात्मक उतार–चढ़ाव से गुजरती है और हर मोड़ पर उसका किरदार और ज्यादा मजबूत बनकर उभरता है। किरदार की गहराई को समझकर उसे जीवंत बनाने के लिए कृति ने काफी मेहनत की। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि फिल्म का क्लाइमेक्स शूट करना उनके लिए बेहद थका देने वाला था। पाँच से छह दिनों तक लगातार इंटेंस सीन्स शूट करने के बाद वे शारीरिक और मानसिक रूप से थक जाती थीं और वह भावनाएँ घर जाकर भी दिमाग में बनी रहती थीं। वहीं फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने पहले दिन हिंदी बेल्ट में 15.06 करोड़ रुपये की कमाई कर मजबूत शुरुआत की है। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि आने वाले दिनों में यह आंकड़ा और भी तेजी से बढ़ सकता है। दर्शकों का प्यार और सराहना देखने के बाद अब उम्मीद है कि 'तेरे इश्क में' लंबे समय तक थियेटर्स में अपनी चमक बनाए रखेगी।

## फिर सिल्वर स्क्रीन पर साथ नजर आ सकते है रणबीर-दीपिका



लगभग एक दशक बाद बालीवुड एक्टर रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण एक बार फिर सिल्वर स्क्रीन पर साथ नजर आ सकते हैं। खास बात यह है कि यह प्रोजेक्ट बॉलीवुड के शोमैन राज कपूर की विरासत से जुड़ा हुआ है, और 'ये जवानी है दीवानी' तथा 'ब्रह्मास्त्र' फेम निर्देशक अयान मुखर्जी इसे निर्देशित करने की तैयारी में हैं। पिछले कुछ समय से दीपिका पादुकोण लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। 8 घंटे की शिफ्ट के विवाद के बाद उन्हें 'स्पिरिट' और 'कल्कि 2' जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स से बाहर कर दिया गया था। वहीं उन्होंने शाहरुख खान की आगामी फिल्म 'किंग' में अपनी एंट्री की घोषणा की है। दूसरी ओर रणबीर कपूर 'रामायणम्' को लेकर जोरदार चर्चाओं में हैं। कुछ महीनों पहले दोनों एक साथ नजर आए थे, जिसके बाद से ही उनके रीयूनियन की चर्चा गर्म है। रिपोर्ट्स का दावा है कि दीपिका और रणबीर जल्द ही फिर स्क्रीन स्पेस साझा करते दिखाई देंगे। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अयान मुखर्जी 1956 की सुपरहिट फिल्म 'चोरी चोरी' से प्रेरित एक आधुनिक रूपांतरण बनाने की योजना बना रहे हैं। इस क्लासिक फिल्म में रणबीर कपूर के दादा राज कपूर और महान अभिनेत्री नरगिस ने मुख्य भूमिकाएँ निभाई थीं। बताया जा रहा है कि यह प्रोजेक्ट कोई सीधा रीमेक नहीं होगा, बल्कि इसमें एक समकालीन टच जोड़ा जाएगा ताकि नई पीढ़ी इससे सीधे तौर पर जुड़ सके, जबकि मूल कहानी की भावनात्मक आत्मा को बरकरार रखा जाएगा। यह रणबीर कपूर के लिए भी बेहद भावुक अनुभव होने वाला है, क्योंकि यह फिल्म उनके दादाजी की याद और पारिवारिक विरासत को सम्मान देने जैसा होगा।

## परिवार ने हर कठिन समय में आगे बढ़ने का हौसला दिया: निहारिका

हाल ही में साउथ इंडस्ट्री की युवा अभिनेत्री और निर्माता निहारिका कोनिडेला ने अपने करियर, चुनौतियों और परिवार से मिलने वाले मजबूत समर्थन के बारे में विस्तार से बात की। एक इंटरव्यू में निहारिका ने विशेष रूप से अपने चाचा पवन कल्याण और भाई राम चरण द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को अपनी सफलता का अहम आधार बताया है। उनका कहना है कि परिवार की मौजूदगी ने न सिर्फ उनके फैसलों को मजबूत बनाया, बल्कि हर कठिन समय में आगे बढ़ने का हौसला भी दिया। एक बातचीत में जब निहारिका से पूछा गया कि पवन कल्याण और राम चरण उनके जीवन और करियर में कितने महत्वपूर्ण हैं, तो उन्होंने कहा, 'उनके समर्थन से मुझे असाधारण शक्ति मिलती है। मुझे पता है कि वे बिना कुछ कहे भी हमेशा मेरे साथ खड़े रहते हैं।



उनके अनुभव और उनके काम करने का अनुशासन मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका मार्गदर्शन अमूल्य है, जिसे मैं अपनी रोजमर्रा की जिंदगी और काम में अपनाती हूं।'

निहारिका ने स्वीकार किया कि कोनिडेला परिवार का हिस्सा होना गौरव की बात है, लेकिन इसके साथ बड़ी जिम्मेदारी और दबाव भी जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि चिरंजीवी, पवन कल्याण और राम चरण जैसी दिग्गज हस्तियों वाले परिवार से आने के कारण लोगों की उम्मीदें उनसे हमेशा ऊंची रहती हैं। हालांकि, वह इस दबाव को बोझ नहीं मानतीं, बल्कि इसे अपने प्रदर्शन में उत्कृष्टता लाने का प्रेरक माध्यम मानती हैं। उनके अनुसार, हर फिल्म के सेट पर कदम रखते समय उनका एक ही लक्ष्य होता है अपने परिवार और दर्शकों को गर्व महसूस कराना। अपने फैंस के प्यार को लेकर भी निहारिका काफी भावुक दिखीं। उन्होंने कहा, 'दर्शकों ने हमेशा मुझे अपने परिवार की तरह प्यार दिया है। जब आपको इतनी सुरक्षा और विश्वास मिलता है, तो आप अपने काम को और बेहतर ढंग से कर पाते हैं। मैं इस समर्थन के लिए हमेशा आभारी रहूंगी।' निहारिका ने अभिनय के साथ–साथ प्रोडक्शन में भी सफलता हासिल की है और कई युवा कलाकारों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। वह मानती हैं कि स्वतंत्र पहचान बनाने के लिए निरंतर मेहनत, ईमानदारी और सीखने का जुनून जरूरी है।

## फातिमा सना शेख ने एआई के दौर में खोती संवेदनशीलता पर जताई चिंता, बोलीं 'शब्द बहुत कीमती हैं'



मुंबई में आईएफपी फिल्म फेस्टिवल सीजन–15 की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। इस मौके पर अभिनेता विजय वर्मा और अभिनेत्री फातिमा सना शेख भी शिरकत करने पहुंचे। यहां फातिमा ने अपनी नई फिल्म 'गुस्ताख इश्क' के अनुभव के साथ–साथ आज के डिजिटल दौर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते प्रभाव पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि तेज़ी से बदलते तकनीकी समय में भावनाओं को व्यक्त करने की नजाकत और संवेदनशीलता धीरे–धीरे खोती जा रही है। फातिमा सना शेख ने एक बातचीत में कहा कि एआई भले ही दुनिया को आगे की तरफ ले जा रहा हो, लेकिन इसके चलते इंसानी एहसास और शब्दों की गहराई कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले लोग एक–दूसरे को हाथ से लिखे चिट्ठी–पत्र और कविताएँ भेजा करते थे। वे पत्र सिर्फ शब्दों का मेल नहीं, बल्कि भावनाओं का खजाना होते थे, जिन्हें पढ़कर दिल में एक विशेष एहसास जाग उठता था। आज की पीढ़ी उस खूबसूरत दौर से दूर होती जा रही है। फातिमा ने कहा, 'आज एआई के जमाने में हम खुद से सोचना ही बंद करते जा रहे हैं। चाहे भाषा हिंदी हो या अंग्रेजी, अगर आपके विचार स्पष्ट नहीं हैं, तो आप दिल की बात कैसे साफ–साफ कह पाएंगे? शब्द बहुत कीमती हैं। लेटर लिखना, कविता लिखना आज भी उतना ही जरूरी है, क्योंकि इसी से हमारी सोच गहरी और सटीक बनती है।' फातिमा की फिल्म 'गुस्ताख इश्क' हाल ही में रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ विजय वर्मा और नसीरुद्दीन शाह नजर आए हैं। अभिनेत्री ने नसीरुद्दीन शाह के साथ काम करते हुए अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनके साथ अभिनय करना उनके लिए भावनात्मक रूप से बेहद गहरा अनुभव रहा। उन्होंने कहा, 'मैंने मन ही मन कई बातें सोच रखी थीं क्या नसीर साहब मेरे काम को जज करेंगे? क्या उन्हें मेरी एक्टिंग में कमी लगेगी? एक दिन एक इमोशनल सीन था जिसमें मुझे रोना था, लेकिन उनके सामने मुझसे कुछ भी नहीं हो पा रहा था। मैं डर और चिंता में फंस गई थी।' इसके बाद नसीरुद्दीन शाह चुपचाप उनके पास आए। फातिमा ने बताया, 'उन्होंने मेरी नब्ज पकड़ ली। कुछ देर बाद कहा 'इस पल में जियो, ज्यादा मत सोचो।' जैसे ही उन्होंने यह कहा, मेरी सारी घबराहट दूर हो गई। उनकी बात मेरे दिल को छू गई और सीन स्वाभाविक रूप से हो गया।' फातिमा के इन अनुभवों ने दर्शाया कि सिनेमा सिर्फ कला नहीं, बल्कि संवेदनाओं और इंसानी जुड़ाव से बना माध्यम है। डिजिटल शोर के बीच शब्दों की सादगी और भावनाओं की गहराई को बचाए रखना आज भी उतना ही जरूरी है, चाहे दुनिया कितनी भी बदल जाए।

# अनन्या पांडे का नया ग्लैमरस अंदाज़ हुआ वायरल

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे एक बार फिर दर्शकों को रोमांस और संगीत से भरपूर मनोरंजन देने के लिए तैयार हैं। वे जल्द ही अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' में नजर आएंगी, जिसकी चर्चाएँ अब तेज़ हो गई हैं। हाल ही में अनन्या ने सोशल मीडिया पर फिल्म के टाइटल ट्रैक की शूटिंग के दौरान अपने कुछ शानदार लुक्स की तस्वीरें शेयर कीं, जिनके बाद इंटरनेट पर उनका ग्लैमरस अंदाज़ तेजी से वायरल होने लगा।

अनन्या ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा, 卐फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के टाइटल ट्रैक के मेरे कुछ पसंदीदा लुक्स। क्या आपने अभी तक टाइटल ट्रैक देखा? मेरी ग्लैम और फैशन टीम को ढेर सारा प्यार।卐 तस्वीरों में अनन्या बेहद आकर्षक और स्टाइलिश दिखाई दे रही हैं। अलग–अलग आउटफिट्स में उनका लुक देखने लायक है कहीं वह मॉडर्न एथनिक वियर में दिखती हैं, तो कहीं बिल्कुल वेस्टर्न स्टाइल में। हर फ्रेम में उनका मेकअप, हेयरस्टाइल और कॉस्ट्यूम परफेक्शन का अहसास कराते हैं, जो उनके फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। पोस्ट किए जाने के कुछ ही मिनटों के भीतर इंडस्ट्री के कई कलाकारों ने उनकी तारीफों की झड़ी लगा दी। अभिनेत्री उर्मिला मंतोडकर, महीप कपूर और नव्या नवेली नंदा ने फायर इमोजी के साथ प्रतिक्रिया देते हुए उनकी खूबसूरती और स्टाइल की सराहना की। कमेंट सेक्शन में फैंस ने भी हार्ट और फायर इमोजी की बरसात कर दी, जिससे यह पोस्ट ट्रेंड करने लगी।

गौरतलब है कि अनन्या और कार्तिक आर्यन लगभग छह साल बाद एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे। इससे पहले दोनों ने वर्ष 2019 में रिलीज हुई फिल्म 'पति पत्नी और वो' में साथ काम किया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था। अब एक बार फिर यह जोड़ी रोमांटिक केमिस्ट्री के साथ स्क्रीन पर लौटने वाली है, जिसको लेकर दर्शकों में उत्सुकता बढ़ गई है।

समीर विद्वांस के निर्देशन में बनी 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' को करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्वा मेहता और किशोर अरोड़ा मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म 25 दिसंबर को क्रिसमस के दिन रिलीज होगी। दिलचस्प बात यह है कि इसी दिन अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' भी रिलीज होने वाली है, जिससे बॉक्स ऑफिस पर रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। यह देखना होगा कि दर्शक रोमांटिक लव स्टोरी की ओर आकर्षित होते हैं या देशभक्ति पर आधारित कहानी उनकी पसंद बनती है। इसके अतिरिक्त, अनन्या पांडे अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ फिल्म 'चांद मेरा दिल' में भी दिखाई देंगी, जिसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। यह एक खूबसूरत प्रेम कहानी पर आधारित फिल्म बताई जा रही है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in